52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 11.1 °c | अधिकतम 26.6 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:59 सूर्यास्त-5:20 | वर्ष : 52/ अंक : 336 | बृहस्पतिवार, 05 दिसम्बर 2024 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

यदि किसी काम में सफलता नहीं मिल रही है, तो काम करने के तरीकों को बदलिए, इरादों को नहीं।

संभल के मामले में बोल-बोलकर अखिलेश यादव अपराधियों को बचाना चाहते हैं : गिरिराज सिंह

गुण्डों को मासूम बताना.... गहरी सियासत होती है.....

राकेश चढ़े ऊंची चट्टान, हाफ गए योगी पुलिस के जवान

▶ नोएडा जाते राकेश टिकैत को लिया हिरासत में ▶ वेस्ट यूपी में विरोध प्रदर्शन कर घेरे समर्थकों ने थाने

नोएडा, 4 दिसंबर (एजेंसी)। आज उस समय अनोखा नजारा सामने आया जब यूपी पुलिस के छक्के छुड़ाते हुए एकाएक भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता एक चट्टान पर दौड़ पड़े। अलीगढ़ के इस नजारे में किसान नेता अपने एक छोटे से कार्यकर्ता का हाथ पकड़कर बिना किसी थकान के चट्टान पर चढ़कर नेशनल हाइवे पर पहुंच गए और पुलिस का पूरा अमला हांफता हुआ उनके पीछे-पीछे दौड़ता दिखाई दिया। इस अमले में लगभग 60 से अधिक योगी की पुलिस के जवान मौजूद थे। यह नजारा सोशल मीडिया की सुर्खियां बना। किसी को उम्मीद नहीं थी कि एकाएक राकेश टिकैत दौड़कर इस तरह से कच्चे रास्तों व पत्थरों को पार कर हाइवे पर पहुंच जाएंगे और पुलिस ऐसे हांफा उठेगी।

ग्रेटर नोएडा में दलित प्रेरणा स्थल से किसानों को हटाकर जेल भेजे जाने से नाराज भारतीय किसान यूनियन की ओर से ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट पर बुलाई गई महापंचायत में जगह-जगह किसानों को रोकने पर पुलिस के साथ झड़पें हुईं। महापंचायत में शामिल होने जाते किसान नेता राकेश टिकैत को यमुना-एक्सप्रेसवे पर पुलिस ने रोक लिया और उन्हें टप्पल थाने ले आई। बाद में किसान नेता ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान न होने पर वह लखनऊ तक ट्रैक्टर यात्रा शुरू करेंगे। अब आरपार की लड़ाई होगी। राकेश टिकैत की गिरफ्तारी की खबर के बाद पश्चिमी यूपी में भाकियू कार्यकर्ताओं ने मेरठ के परतापुर थाने में धरना दिया। रोहटा में भी कार्यकर्ता थाने पहुंच गए। मेरठ, मुजफ्फरनगर, बिजनौर व सहारनपुर से निकले किसानों को पुलिस ने टोल पर ही रोक लिया। वहीं किसान टोल पर ही धरना देकर बैठ गए। नोएडा में दलित प्रेरणा स्थल से किसानों को हटाकर जेल भेजने से नाराज भारतीय किसान यूनियन ने बुधवार को नोएडा ग्रीनो के जीरो प्वांट पर महापंचायत बुलाई थी। इसको लेकर बड़ी संख्या में किसान शामिल होने के लिए रवाना हुए, लेकिन पुलिस ने उन्हें जगह-जगह रोक दिया। भारतीय किसान यूनियन नेता राकेश टिकैत की कार को पुलिस ने यमुना एक्सप्रेसवे पर रोक दिया, जिससे मौके पर हंगामे की स्थिति बन गई। राकेश टिकैत और उनके साथ मौजूद सैकड़ों किसान नेता यमुना एक्सप्रेसवे के बीचों-बीच पैदल चलते हुए आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस को छकाते हुए राकेश टिकैत कच्चे रास्ते से आगे बढ़ने लगे

शेष - पृष्ठ-4 पर

झुका प्रशासन, 123 किसान रिहा, धरने पर फैसला आज

ग्रेटर नोएडा, 4 दिसंबर (एजेंसी)। नोएडा में किसानों की गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो प्वाइंट पर महापंचायत हुई। महापंचायत में किसान नेता राकेश टिकैत को शामिल होना था। हालांकि उन्हें टप्पल में रोक लिया गया। महापंचायत के मंच से गिरफ्तार किसानों को एक घंटे में रिहा करने की मांग गई। ऐसा नहीं करने पर किसानों ने दिल्ली कूच करने की चेतावनी दी। किसानों से हुई वार्ता के बाद पुलिस और प्रशासन झुक गया। शाम को गिरफ्तार किए गए 123 किसानों को बिना शर्त रिहा कर दिया गया। रिहाई के बाद किसानों ने जीरो प्वाइंट पर धरना जारी रखने का फैसला लिया। बृहस्पतिवार को बैठक कर किसान नोएडा या ग्रेटर नोएडा में धरना शुरू करने का फैसला लेंगे। दो दिसंबर को दिल्ली कूच करने का प्रयास किया था। जहां किसानों को दलित प्रेरणा स्थल पर रोक दिया गया। प्रशासन से वार्ता के बाद किसानों ने दलित प्रेरणा स्थल के अंदर धरना शुरू कर दिया। मंगलवार को पुलिस ने बलपूर्वक धरना समाप्त कराकर 123 किसानों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल से रिहा होने के बाद सभी किसान धरना स्थल पर पहुंचे। रिहा हुए किसानों को कंधों पर बैठाकर सभी को महापंचायत स्थल पर ले जाया गया। मौके पर फूलमाला पहनाकर सभी का स्वागत किया गया।

दिन निकलते ही भंगेला चेक पोस्ट पर पुलिस व भाकियू कार्यकर्ताओं में झड़पें

मुजफ्फरनगर, 04 दिसम्बर (बु.)। जैसा कि मंगलवार की शाम भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने पांच मंडलों के किसानों से बुधवार को नोएडा पहुंचने की घोषणा की थी, उसी के अनुरूप सुबह नौ बजे से ही किसान नोएडा के लिए कूच करने लगे। जैसे ही किसान भंगेला चेकपोस्ट पर पहुंचे और उन्होंने प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ने का प्रयास किया, तो पुलिस ने उन्हें कुछ देर खड़े रहने के बाद वहीं रोकना चाहा, मगर जब किसान नहीं रूके तो पुलिस व किसानों के बीच जमकर झड़पें हुई। मगर पुलिस उन्हें कंट्रोल करने में नाकामयाब रही और किसान झड़प करते हुए आगे बढ़ गये। उक्त किसानों में भाकियू के जिलाध्यक्ष नवीन राठी, भाकियू नेता धीरज लाटियान भी मौजूद थे। उन्होंने सरकार को कोसते हुए कहा कि उनके रोकने से हम रूकने वाले नहीं है, अगर पुलिस में दम हो तो रोक कर दिखा दे। यह कहते हुए निर्भीकता के साथ किसान आगे बढ़ गये और पुलिस अपनी औपचारिकता पूरी करती दिखाई दी।

खादरवाला में युवक ने लगाई फांसी



मुजफ्फरनगर, 04 दिसम्बर (बु.)। खालापार क्षेत्र के मौहल्ला खादरवाला में युवक सुधीर पुत्र देवी सिंह ने बंद पड़े मकान में आत्महत्या कर ली। बुधवार को दिन निकलते ही पुलिस को सूचना मिली कि मौहल्ला खादरवाला में एक युवक ने अपने ही बंद पड़े मकान में चुन्नी से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। क्षेत्र के लोगों की सूचना पर पुलिस वहां पहुंची और फंदे से युवक को नीचे उतारा, तब तक युवक की मौत हो चुकी थी, उक्त युवक ऋषिकेश में रहकर ऑटो चलाने का काम करता था, जिसकी पहचान सुधीर पुत्र देवी चंद के रूप में हुई है। पुलिस ने फांसी के फंदे से उतारने के बाद पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया था। युवक के द्वारा आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष व अन्य नेता किए गए नजर बंद

रात 11 बजे से सुबह तक पुलिस करती रही निगरानी

मुजफ्फरनगर, 4 दिसंबर (बु.)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के सम्भल कूच में जाने से रोकने के लिए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष व अन्य नेताओं को उनके घर पर नजर बंद कर दिया गया। पुलिस लगातार उनकी निगरानी करती रही। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुबोध शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष के कुचलने और उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन करने के रास्ते पर चल रही है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने आज सम्भल कूच का ऐलान किया था। इसके चलते पुलिस ने बीती रात ही कांग्रेस नेताओं को उनके घर के अंदर नजर बंद कर दिया। रात में ही पुलिस कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुबोध शर्मा के आवास पर पहुंची और उन्हें उनके साथियों समेत वहीं नजर बंद कर दिया। आज सुबह पांच बजे तक भी पुलिस उनकी निगरानी करती रही। पुलिस ने जिलाध्यक्ष के अलावा महासचिव विनोद गूर्जर व युगल किशोर भारती, कांग्रेस अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश महासचिव सत्यपाल कटारिया और आरटीआई

अध्यक्ष राजकुमार धीमान शामिल हैं। रात भर पुलिस कांग्रेस नेताओं की निगरानी करती रही। आज इस मामले में प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुबोध शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष के दमन के रास्ते पर चल रही है। राहुल गांधी के साथ सभी लोग सम्भल में पीड़ितों की पीड़ा सुनने जाना चाहते थे, लेकिन सुनियोजित तरीके से उन्हें रोक लिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार के दमन के खिलाफ कांग्रेस अपनी आवाज उठाती रहेगी और जैसे ही प्रदेश और केंद्रीय स्तर से निर्देश मिलेगा, फिर से संभल के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्होंने कहा कि वे जानना चाहते हैं कि पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर सीधे गोली चलाने का उद्देश्य यही है कि सरकार के निर्देश पर पूर्व नियोजित ढंग से गोली चलाई गई। पहले दो दिसंबर को राहुल गांधी का जाने का प्लान था। फिर इसे दस तक टाला गया। आज भी उन्हें नहीं जाने दिया गया। नेता प्रतिपक्ष को भी अगर पीड़ितों की बात सुनने नहीं जाने दिया जाएगा तो उनकी पीड़ा सुनेगा कौन। हम तो सच जानना चाहते हैं। मामले की निष्पक्ष जांच हो और जो भी दोषी हो, उसे सजा मिले। इसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन सोची समी साजिश के तहत गोली चलाकर जान लेने वाली सरकार दमन के रास्ते पर चल रही है। इसे सहन नहीं किया जा सकता।

दो लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम को भेजा

भोपा, 04 दिसम्बर (बु.)। बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव तिस्सा निवासी सावन 27 वर्ष की अचानक तबीयत बिगड़ती चली गई। परिजनों ने उसे बेगराजपुर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उधर, थाना क्षेत्र के गांव बारूकी निवासी राजबीर 56 वर्ष की भी मंगलवार को जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि दोनों की मौत जहरीले पदार्थ के सेवन से बताई गई हैं। मौत होने का सही कारण क्या है, यह जानने के लिए दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

अजमेर में दरगाह शरीफ की सुरक्षा के लिये एटीएस के कमांडो लगाये

अजमेर, 04 दिसम्बर (वार्ता) राजस्थान में अजमेर स्थित सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 813वें सालाना उर्स पर दरगाह शरीफ और आसपास की सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद रखने के उद्देश्य से अजमेर दरगाह थाना पुलिस की मौजूदगी में आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) के कमांडो दल ने दरगाह का बारीकी से निरीक्षण करके सुरक्षा इंतजामों को देखा और सुरक्षा उपायों पर मंथन किया । ख्वाजा साहब के सालाना उर्स का झंडा 28 दिसम्बर को चढ़ेगा और रजब का चांद दिखाई देने पर 31 दिसम्बर अथवा एक जनवरी 2025 से विधिवत उर्स की शुरुआत होगी। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियां काफी सतर्क हैं। दरगाह थाना पुलिस के साथ एटीएस कमांडो दल ने दरगाह के सभी प्रवेशद्वार और परिसर के भीतरी हिस्सों का निरीक्षण किया एवं सम्भावित किसी भी आपात स्थिति से निपटने की योजना पर मंथन करके सुरक्षा उपायों पर चर्चा की।

बादल को गोली मारने का प्रयास, बाल-बाल बचे

चंडीगढ़/ अमृतसर, 04 दिसंबर (वार्ता) शिरोमणि अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर सिह बादल बुधवार सुबह बाल-बाल बच गये, जब एक पूर्व उग्रवादी ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर द्वार पर उन्हें गोली मारने का प्रयास किया।

पंजाब के पूर्व उप-मुख्यमंत्री श्री बादल दो दिन पूर्व अकाल तख्त द्वारा सुनायी गयी धार्मिक सज़ा भुगतते हुये सेवादार के रूप में स्वर्ण मंदिर द्वार पर तैनात थे। अचानक आरोपी ने उन्हें गोली मारने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया। आरोपी की शिनाख्त पूर्व उग्रवादी नारायण सिह चौरा के रूप में की गयी है। पुलिस के अनुसार घटना की गहन जांच की जा रही है। वारदात की खबर फैलते ही जत्थेदारों, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति, विपक्षी दलों भाजपा, कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल नेताओं की प्रतिक्रियायें सामने आईं, जिन्होंने घटना की कड़ी निदा करते हुये कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाये। इनमें जत्थेदार रघबीर सिह, हरप्रीत सिह, एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिन्दर सिह धामी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़, पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिदर सिह, कांग्रेस अध्यक्ष अमरिदर सिह राजा वडिग आदि शामिल थे। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री भगवंत सिह मान ने एक बड़ी वारदात रोकने के लिये पुलिस की तारीफ की और श्री बादल पर हमले की निदा करते हुये पुलिस को निर्देश दिये कि मामले की गहन जांच कर रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत की जाये।

फिल्मकार एकता कपूर पहुंची पुरी, भगवान जगन्नाथ के किए दर्शन

मुंबई, 04 दिसंबर (वार्ता) बॉलीवुड फिल्मकार एकता कपूर जगन्नाथ पुरी पहुंचीं ,जहां उन्होंने भगवान जगन्नाथ का दर्शन किया। 'द साबरमती रिपोर्ट' की निर्माता एकता कपूर जगन्नाथ पुरी पहुंचीं और भगवान जगन्नाथ के दर्शन-पूजन किए। इसके बाद एकता कपूर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। एकता कपूर ने कैप्शन में लिखा, ''जगन्नाथ पुरी, जय गोविदा।'' वीडियो में कपूर मंदिर के शिखर के सामने हाथ जोड़े खड़ी नजर आ रहीं। एकता कपूर के साथ वीडियो में फिल्म निर्माता अंशुल मोहन भी नजर आये।

संभल जा रहे राहुल के काफिले को गाजियाबाद में रोका गया

नयी दिल्ली, 04 दिसंबर (वार्ता) लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के काफिले को बुधवार को दिल्ली-गाजियाबाद सीमा पर उत्तर प्रदेश पुलिस ने रोक लिया। उनके साथ कांग्रेस महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी थीं। कांग्रेस पार्टी के अनुसार, श्री गांधी और उनके दल के लोग उत्तर प्रदेश के संभल कस्बे के लिए जा रहे थे, जहां पिछले दिनों एक विवादास्पद धार्मिक स्थल के सर्वे को लेकर हिसक प्रदर्शन में कई लोगों की मौत हो गयी थी। कांग्रेस पार्टी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''श्री गांधी और सुश्री वाड्रा के नेतृत्व में हमारे प्रतिनिधिमंडल को गाजियाबाद में सीमा पर रोक लिया गया। हमारा प्रतिनिधिमंडल संभल जा रहा था।'' पार्टी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की इस कार्रवाई का क्या कारण हो सकता है। लोकसभा में विपक्ष के नेता संभल में हिसा के कारण अपनों की जान गंवाने वाले परिवारों के साथ मिलने जा रहे थे। कांग्रेस के काफिले को दिल्ली-उत्तर प्रदेश सीमा पर गाजियाबाद में रोके जाने से अफरा-तफरी मच गयी और भारी जाम लग गया।

शाहपुर चेयरमैन के पुत्र के अपहरण की धमकी देने, 20 लाख की रंगदारी मांगने वाला चर्चित पूर्व सभासद जेल गया

▶ चार महीने से मकान का ताला बंद कर फरार था फोंदा कुरैशी
▶ न्यायालय में पेश हुआ, नही मिली जमानत
▶ 16 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया

शाहपुर, 04 दिसम्बर (बु.)। कस्बे के चेयरमैन से 20 लाख रुपये की फिरौती मांगने व ना देने पर उसके पुत्र के अपहरण की धमकी देने वाला आरोपित पूर्व सभासद चार महीने से फरार चल रहा था। मंगलवार को मुजफ्फरनगर न्यायालय में पेश हुआ, जहां से जमानत नहीं मिलने पर उसे जेल भेज दिया गया। शाहपुर नगर पंचायत के चेयरमैन अकरम कुरैशी से 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने, उनके पुत्र का अपहरण करने व जान से मारने की धमकी देने की प्रसारित ऑडियो के बाद 7 अगस्त को पूर्व सभासद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। नगर पंचायत के चेयरमैन अकरम कुरैशी के भतीजे आरिफ कुरैशी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि एक ऑडियो 18 जुलाई को प्रसारित हुई, जिसमें नगर पंचायत के चेयरमैन अकरम कुरैशी से 20 लाख रुपये की मांग व ना देने पर उनके पुत्र के अपहरण करने की बात कही

गयी। ऑडियो प्रसारित होने पर इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। दस दिन बाद 28 जुलाई को पूर्व सभासद कस्बे के ही दिल्लू उर्फ दिलशाद के पास आया और उसने कहा कि मैंने तुम्हारे चेयरमैन के फोन पर ऑडियो क्लिप भिजवाई थी, उसका कोई जवाब नहीं आया। चेयरमैन को बता दे कि उसे 20 लाख रुपए दे दे अन्यथा वह उसके लड़के का अपहरण कर लेगा। मांग पूरी न होने पर जान से मार देगा। दिल्लू ने इसका किसी से जिक्र नहीं किया, किंतु दो अगस्त को पूर्व सभासद एक बार फिर दिल्लू के पास पहुंचा, जहां कई अन्य लोग भी बैठे हुए थे। पूर्व सभासद ने कहा कि तुम सब मामले को हल्के में ले रहे हो। ऑडियो में कही बात दोहराते हुए कहा कि दो-तीन दिन में 20 लाख रुपए चेयरमैन से दिलवा दो। चेयरमैन अकरम कुरैशी ने अपने स्वजनों को पूरा मामला बताया, जिसके बाद चेयरमैन के भतीजे आरिफ कुरैशी ने पूर्व सभासद के विरुद्ध थाना शाहपुर में मुकदमा दर्ज कराया था। 7 अगस्त को मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही पूर्व सभासद फरार चल रहा था। करीब चार माह बाद आरोपी पूर्व सभासद ने मंगलवार को अदालत में पेश हुए, जहा से जमानत ना मिलने पर उसे जेल भेज दिया गया। बताते चले कि उक्त चर्चित सभासद पर शाहपुर थाने पर गंभीर धाराओं में आधा दर्जन से भी अधिक मुकदमे दर्ज हैं तथा वह जिला बदर एवं गुंडा एक्ट में भी निरुद्ध रह चुका है।

शिकायत निस्तारण में सदर व बुढ़ाना तहसील टॉप पर

मुजफ्फरनगर, 4 दिसंबर (बु.)। जिले की सदर व बुढ़ाना तहसीलों को आईजीआरएस पोर्टल पर तहसील स्तर पर समस्याओं के निस्तारण में प्रथम रैंक मिला है। मासिक पड़ताल कें सदर और बुढ़ाना तहसीलों ने सौ में नब्बे-नब्बे अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। जिले की खतौली तहसील को 73 और जानसठ तहसील को 64 अंक मिले। पिछले माह खतौली तहसील यूपी में टॉप रही थी।

मान गए शिंदे, फडणवीस आज लेंगे महाराष्ट्र सीएम की शपथ

मुंबई, 4 दिसंबर (एजेंसी)। महाराष्ट्र में सीएम पद और सरकार गठन को लेकर चल रहा इंतजार बुधवार को खत्म हो गया। महायुति नेताओं ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया। महायुति में शामिल भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस, शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे और एनसीपी नेता अजित पवार ने राजभवन में राज्यपाल को विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा। इस दौरान राज्य के लिए पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और विजय रूपाणी भी मौजूद रहे। देवेंद्र फडणवीस पांच दिसंबर को महाराष्ट्र के सीएम पद की शपथ लेंगे। राज्यपाल से मुलाकात के बाद भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हमने राज्यपाल से मुलाकात की और राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए समर्थन पत्र सौंपा। हमारे गठबंधन सहयोगी शिवसेना और एनसीपी ने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि मुझे महायुति के सीएम के रूप में शपथ दिलाई जाए। राज्यपाल ने सभी अनुरोध स्वीकार कर लिए हैं और हमें कल शाम 5.30 बजे शपथ समारोह के लिए आमंत्रित किया है। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि मैं शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुख्यमंत्री पद के लिए मेरे नाम का समर्थन किया है। एनसीपी नेता अजित पवार ने भी मेरे नाम की सिफारिश की। सीएम, डिप्टी सीएम सिर्फ तकनीकी पद हैं। पिछले ढाई साल में हमने साथ मिलकर काम किया है। आगे भी हम सब मिलकर अच्छी सरकार देने का प्रयास करेंगे। फडणवीस ने कहा कि मैंने एकनाथ शिंदे से मुलाकात की और उनसे अनुरोध किया कि महायुति कार्यकर्ताओं की इच्छा है कि वह इस सरकार में हमारे साथ रहें। मुझे पूरा विश्वास है कि वह हमारे साथ रहेंगे।

'दादा को सुबह-शाम शपथ लेने का अनुभव', अजित के बयान पर शिंदे की चुटकी

मुंबई। यह पूछे जाने पर कि क्या वह और एनसीपी प्रमुख अजित पवार भी कल उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे, इस पर शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने कहा, 'शाम तक इंतजार करें'। इस पर तुरंत जवाब देते हुए एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने कहा कि, 'शाम तक उनको समझ आएगा, मैं शपथ लूंगा, मैं इंतजार नहीं करूंगा। जिसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में जमकर ठहाके लगने लगे। इसके बाद अजित पवार के बयान की चुटकी लेते हुए एकनाथ शिंदे ने कहा, दादा को सुबह और शाम दोनों समय शपथ लेने का अनुभव है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 04 दिसंबर (वार्ता)। भारतीय और विश्व के इतिहास में 05 दिसंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैः- 1484-पोप इनोसेंट अष्टम ने पोप बैल बुल सूइस डिसइंडेंटस एफिबिबस जारी किया, जिससे डोमिनिकन जिज्ञासु हेनरिक क्रेमर को जर्मनी में जादू टोने का मुकदमा चलाने का स्पष्ट अधिकार मिल गया। 1757-ल्यूटन की लड़ाईः प्रशियाई सेना ने ऑस्ट्रियाई को धराशायी कर दिया। 1766-जेम्स क्रिस्टी ने क्रिस्टी की नीलामी की पहली बिक्री लंदन के घर में की। 1876-न्यूयॉर्क में बुकलिन थिएटर में लगी हादसे में कम से कम 278 लोग मारे गए। 1879-पहला स्वचालित फोन स्विचिंग प्रणाली तैयार की गयी। 1926-फोरवेल के टेक्सास शहर में जॉर्ज हासेल ने अपनी पत्नी और आठ बच्चों की हत्या की। 1932-सोवियत संघ ने सरकार के हाथों से खाट्य, कपड़े और अन्य आपूर्ति के वितरण को कारखानों में स्थानांतरित करने का फैसला किया। जनता को राशन कार्ड दिए जाने थे और यह माल खरीदने के लिए कारखानों तक था। 1936-स्टालिन संविधान के नाम से जाना जाने वाला 1936 का सोवियत संविधान को सोवियत संघ ने अपनाया। 1939-ब्राजील के पेड्रो द्वितीय के अवशेष, जिन्हें एक गणतंत्र तख्तापलट कर बाहर निकाल दिया गया था, को दफनाने के बाद फिर से दफनाया गया। 1955-लंबी दूरी के टेलीफोन कॉल को घर घर की चीज बना देने वाली एसटीडी सेवा अस्तित्व में आई। 2005-सिविल पार्टनरशिप एक्ट लागू हुआ, जिससे यूनाइटेड किंगडम में नागरिक विवाह के अधिकार और जिम्मेदारियों के साथ नागरिकता प्रदान की गई। 2007-अमेरिका में नेब्रास्का के ओमाहा के एक मॉल में एक व्यक्ति द्वारा गोलियां चलाने से आत्महत्या करने से पहले आठ लोगों की हत्या कर दी। 2013-रंगभेद के खिलाफ अभियान चलाने वाले दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति एवं भारत रत्न सम्मनित नेल्सन मंडेला का निधन हुआ। 2014-एक्सप्लोरेशन फ़्लाइट टेस्ट-1, ओरियन का पहला उड़ान परीक्षण लॉन्च किया गया। 2017-अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने 2014 शीतकालीन ओलंपिक में डोपिंग के लिए रूस को 2018 शीतकालीन ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने से प्रतिबंधित कर दिया।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 04 दिसम्बर, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1425, रसकट ढैया 1125-1175, चाकू 1250-1475, लड्डू 1400-1500, खुरपापाड़ 1260-1275, शक्कर मसाला 1420-1435। आमद- 7000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 04 दिसम्बर, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना-	78550	चांदी-	92750
सिक्का-	10500	गिन्नी-	58760

आपका आज का राशिफल

बृहस्पतिवार, 05 दिसम्बर, 2024

मेष- शारीरिक सुख में वृद्धि, स्वजनों-परिजनों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, अध्यात्म के प्रति आस्था, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल होने को।

वृषभ- भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, भौतिक सुख के जरूरी साधन सुलभ, रचनात्मक क्रियाकलापों में वृद्धि, व्यक्तित्व का विकास, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग।

मिथुन- समय अशुभ, अभीष्ट कार्यों में परेशानी, मानसिक बेचैनी, पूँजी का प्रतिफल न मिलने से कष्ट, प्रतिष्ठा पर आघात, पदोन्नति में व्यवधान, यात्रा विफल।

कर्क- शुभ भावनाओं का उदय, नवीन समस्याओं का समाधान, मानसिक शांति, व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, आपसी सलाह से कामयाबी, सुख-सुविधा।

सिंह- व्यावसायिक क्षेत्र में प्रगति का प्रयास, कार्यक्षमता में वृद्धि, कठिनाइयों में कुछ कमी, सुसमाचार की प्राप्ति, आपसी सम्बन्ध मधुर, राजकीय पक्ष से सहयोग।

कन्या- दिनमान अनुकूल, योजना को मूर्त रूप में परिणित, बकाए धन की वसूली, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, जीवन साथी से सामंजस्य, सम्बन्ध मधुर।

तुला- आर्थिक व्यावसायिक हानि, व्यवहार में लापरवाही, जोखिम से नुकसान, नव-उत्तरदायित्व का निर्वाह, आय की तुलना में व्यय अधिक, मानसिक बेचैनी।

वृश्चिक- व्यापार में धन निवेश, व्यक्तित्व का विकास, समस्याओं का संतोषजनक समाधान, प्रियजनों से विचार-विनिमय, निजी जिन्दगी में सुख के साधन सुलभ।

धनु- समस्याएँ सुलझने की ओर प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, सुसमाचार की प्राप्ति, सद्विचारों का उदय, आत्मिक शांति, भोग-विलासिता की ओर रुझान।

मकर- अभीष्ट कार्यों में सिद्धि, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, दाम्पत्य जीवन में सुखशांति, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, विरोधी परास्त, लाभ का सुयोग।

कुम्भ- समय असन्तोषजनक, कार्यों मे असफलता, अशांति, व्यावसायिक उन्नति में बाधा, आत्मविश्वास में कमी, इच्छा की पूर्ति में अड़चनें, यात्रा से कष्ट।

मीन- किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, स्वयं का निर्णय हितकर, मंगल आयोजन सम्पन्न, आय के नवीन स्त्रोत उपस्थित, आपसी सद्भाव, शुभ भावनाओं का उदय।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत्र स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

गौवंशों को दुर्घटनाओं से बचाने को लगाये पट्टे, रात्रि में लाइट पड़ते ही चमकेगा रेडियम

कान्हा गौसेवा दल के कार्यकर्ताओं ने की खतौली में अनोखी पहल

खतौली, 04 दिसम्बर (बु.)। गौ सेवा व उनकी सुरक्षा को हरदम समर्पित रहने वाली कान्हा गौसेवा दल के अध्यक्ष अभिनव यदुवंशी ने अपनी एक नई सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु गौवंशीय पशुओं को रेडियम युक्त पट्टे बांधकर मानवता की मिसाल पेश की है। मिली जानकारी के अनुसार एलआईसी एनिमल्स वेलफेयर संस्था की एक नई शाखा कान्हा गौसेवा दल अध्यक्ष अभिनव यदुवंशी ने शीत ऋतु प्रारम्भ होते ही सड़कों पर बेसहारा गौवंश को वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाने के लिए बेसहारा गौवंशों के गले में रेडियम युक्त पट्टे पहनाने का अभियान प्रारम्भ किया गया ताकि सड़कों पर घूमने वाले गौवंशों की रात्रि के अन्धकार के दौरान वाहन दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। गौरक्ष अभिनव का कथन है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों के बावजूद प्रशासन की निष्क्रियता से वाहन दुर्घटनाओं में सड़कों पर गौवंशों की जान जा रही है, जबकि प्रशासनिक अधिकारी मात्र औपचारिकता तक सीमित बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि गौ सेवादल ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए यह पुनीत कार्य प्रारम्भ किया है, जो बेसहारा पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण कदम होगा, जिसमें नगर के समाजसेवियों का अपार सहयोग मिल रहा है। उन्होंने आम जनमानस से भी गौ रक्षा सेवा कार्यों में अपना यथा सम्भव सहयोग करने की अपील की है। गौवंशों के गले में रेडियम पट्टे बान्धने के अभियान में एलआईसी एनिमल्स वेलफेयर संस्था के अध्यक्ष पुनीत अरोरा, अभिनव यदुवंशी, तुषार मौर्य, सचिन सागर, अनमोल रावत, एनस मौर्य, विशाल महरौलिया आदि सहित गौ सेवक शामिल रहे। वहीं दूसरी ओर गौ रक्षकों के नेतृत्व में गौवंश की सुरक्षा हेतु निरन्तर किये जा रहे सेवा कार्यों की नगर क्षेत्र के नागरिकों द्वारा हृदय से सराहना की जा रही है।

ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित, बीएसए ने विजेता विद्यार्थियों को बांटे पुरस्कार

मीरापुर, 04 दिसम्बर (बु.)। कस्बे के ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में जानसठ ब्लॉक के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बीच वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बीएसए मुजफ्फरनगर ने विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

मीरापुर में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ एबीएसए राकेश गौड़ व ज्ञानस्थली के प्रबंधक बी.पी. सिंह ने किया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद उच्च प्राथमिक ऊँची कूद बालक वर्ग में रोशन व बालिका वर्ग में दिव्यांशी, लंबी कूद बालक वर्ग में फैज व बालिका वर्ग में प्रिया, बालक वर्ग दौड़ में ओमकार, सावन, आरिफ, रोशन तथा बालिका वर्ग में अंशिका, अंजनी और दिव्यांशी, शॉट पुट बालक वर्ग में शरीम तथा बालिका वर्ग में वंशिका, प्राथमिक लंबी कूद बालक वर्ग में कुणाल, बालिका वर्ग में सानिया, दौड़ बालक वर्ग में नैतिक, कुणाल तथा बालिका वर्ग में मनु व सानिया प्रथम स्थान पर रहे। वालीबॉल में कंपोजिट स्कूल हुसैनपुर खादर तथा बालक वर्ग कबड्डी में कंपोजिट स्कूल चित्तौड़ा तथा बालिका वर्ग में कंपोजिट स्कूल कन्या कवाल को विजेता घोषित किया गया। समापन के अवसर पर पहुंचे बीएसए संदीप कुमार ने सभी विजेताओं को मैडल व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में ज्ञानस्थली के प्रधानाचार्य दीपक धीमान का सराहनीय योगदान रहा। कुलदीप कुमार, आदेश शर्मा, सुनीता, मयंक शर्मा, पुष्पराज, सतेन्द्र आदि का सहयोग रहा।

बस्ती में मां-बेटी के शव बंद कमरे में मिलने से सनसनी

बस्ती, 04 दिसम्बर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के कप्तानगंज क्षेत्र में बुधवार को बंद मकान में मां-बेटी का अधजला शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस अधीक्षक (एसपी) गोपाल कृष्ण चौधरी बताया कि सेठा गांव में बंद कमरे में गोदावरी (58) तथा उसकी बेटी सौम्या (22) का शव बंद कमरे में अधजला पाया गया है। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच पड़ताल के लिए पुलिस टीम गठित की गई है। घटनास्थल पर शांति व्यवस्था पूरी तरह से कायम है। घटनास्थल पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस टीम लगाई गई है।

मिर्जापुर रेलवे लाइन पर प्रेमी युगल ने की आत्महत्या

मिर्जापुर, 04 दिसंबर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के चुनार क्षेत्र में नकहरा रेलवे लाइन के पास एक प्रेमी युगल के शव पुलिस ने बरामद किये हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिह ने बुधवार को बताया कि बीती रात लगभग दो बजे रेल की लाईन पर शयाम बदन साहनी (28) और सपना (18) द्वारा ट्रेन से कट कर आत्महत्या करने की सूचना प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारी व थाना चुनार पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतकों का शिनाख्त करते हुए उनके परिजनों को सूचना दी गयी । प्रथम दृष्टया प्रकरण प्रेम प्रसंग का प्रतीत हो रहा है, मौके पर जहर की शीशी भी प्राप्त हुई है।

पुंछ में एलओसी पर सेना प्रतिष्ठान के समीप विस्फोट

जम्मू, 04 दिसंबर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास सैन्य प्रतिष्ठान के समीप हुए एक रहस्यमय विस्फोट के बाद सेना ने बुधवार को बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि सुरनकोट इलाके में नियंत्रण रेखा पर सेना शिविर के समीप मंगलवार रात एक विस्फोट हुआ। सूत्रों ने कहा कि विस्फोट में किसी के घायल या हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि इलाके में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है।सूत्रों ने कहा कि मामले की जांच चल रही है। सुरक्षा बलों ने हाल ही में आतंकवादी नेटवर्क को समाप्त करने के लिए जम्मू क्षेत्र के कुछ हिस्सों में आतंकवादी समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है और नकदी, मादक पदार्थ, हथियार और गोला-बारूद आदि बरामद किया है और कई ओवर ग्राउंड वर्करों (ओजीडब्ल्यू) को गिरफ्तार किया है।

राष्ट्रीय स्तर के बॉक्सर ने एनएसजी कमांडो रहे पिता, मां और बहन की कर दी हत्या

नई दिल्ली, 4 दिसंबर (एजेंसी)। दक्षिण दिल्ली के नेब सराय थाना इलाके में हुए तिहरे हत्याकांड का खुलासा हुआ है। बेटे ने ही माता-पिता व बहन की हत्या की थी। पिता राजेश बेटे को मारता-पीटता था। यहां तक की मोहल्ले में खुलेआम भी सड़क पर उसकी पिटाई करता था।

बेटे अर्जुन को लगता था कि घरवाले उसके पीछे पड़े रहते हैं। वह अकेला रहना चाहता था। उसने अपने पिता के फौज वाले चाकू से ही हत्या कर दी। आरोपी एक सप्ताह से हत्या करने की साजिश रच रहा था।

दक्षिण दिल्ली के नेबसराय थाना क्षेत्र के देवली गांव में बुधवार सुबह मूलरूप से महेंद्रगढ़ के खेड़ी निवासी राजेश कुमार (51), पत्नी कोमल (46) व बेटी कविता (23) की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई। राजेश को सोते समय मारा गया, जबकि पत्नी व बेटी के विरोध करने के सबूत मिले हैं। राजेश आर्मी से सेवानिवृत्त थे और कॉलेज में पढ़ रही बेटी कविता कराटे में ब्लैक बेल्ट थी। अर्जुन ने ही हत्या की साजिश रची थी। राजेश के गले पर चुन्नी लिपटी हुई थी, जबकि कोमल व कविता का शव कंबल से ढका हुआ था। राजेश कुमार सेना में तैनाती के दौरान एनएसजी कमांडो भी रहे हैं। करीब सात साल पहले वह रिटायर्ड हुए थे। फिलहाल सैनिक फार्म में एक उद्योगपति के पीएसओ थे। उनकी बेटी कविता जूडो में ब्लैक बेल्ट है। वह सिविल सर्विस की भी तैयारी कर रही थी।

अनाथालयों का पंजीकरण जरूरी, नियमों की अनदेखी पड़ सकती है भारी

मुजफ्फरनगर, 04 दिसम्बर (बु.)। अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व गजेंद्र कुमार ने बताया कि जिले में 18 वर्ष से कम आयु के शिशुओं/बालक/बालिकाओं के लिए संचालित अनाथालयों, आवासीय बालगृहों एवं आश्रमों या अन्य किसी प्रकार के गृहों को किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 41 के अंतर्गत अनिवार्य रूप से पंजीकृत किया जाना है। इस संबंध में जनपदों में संचालित बालगृहों, स्वैच्छिक संगठनों व गैर सरकारी संगठनों के प्रबंधकों को अवगत कराना है कि जिन संस्थाओं की मान्यता या पंजीकरण नहीं भी है, या वह नवीनीकृत नहीं है वे किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 41 के अंतर्गत एक माह के अन्दर जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाल संरक्षण अधिकारी मुजफ्फरनगर के कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। इसके बाद यदि जनपद में कोई शिशुओं, बालक, बालिकाओं के लिए जनपद में संचालित अनाथालयों, आवासीय बालगृहों एवं आश्रमों या अन्य किसी प्रकार की गृह जांच के दौरान अधिनियम 42 अंतविहिन पंजीकरण नहीं है चाहे वे राज्य या केन्द्र सरकार द्वारा संचालित होता पाया जाता है, तो संस्था के भार साधक व्यक्ति को कारावास से, जो एक वर्ष तक हो सकेगा या एक लाख रुपए से अन्यून के जुर्माने या दोनों से दण्डित करते हुए नियमानुसार संस्था को बंद करने की।

रोडवेज बस से कुचलकर दो दोस्तों की मौत, जाम लगाकर किया हंगामा

मेरठ, 4 दिसंबर (एजेंसी)। कैथवाड़ी-किनौनी संपर्क मार्ग पर बुधवार सुबह अनियंत्रित रोडवेज बस ने बाइक सवार दो दोस्तों को कुचल दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर लगभग दो घंटे तक रोड पर जाम लगाकर हंगामा किया। कई थानों की पुलिस ने आकर ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाया। रोडवेज चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गांव रसूलपुर जाहिद निवासी आकाश (22) पुत्र राजवीर और उसका दोस्त गफ्फार (32) पुत्र बंदे निवासी कल्याणपुर मजदूरी पर टेंट लगाने का काम करते हैं। बुधवार को बाइक पर सवार दोनों किसी शादी में काम करने जा रहे थे। जैसे ही कैथवाड़ी स्थित पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल डलवा कर किनौनी की ओर मुड़े, तभी किनौनी की ओर से तेज रफ्तार से आ रही यूपी रोडवेज की बस यूपी 17 एटीएस 8592 ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दोनों को कुचलती हुई बस काफी दूर तक घसीट कर खेत में जा घुसी। बाइक सवार दोनों दोस्तों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बाइक चकनाचूर हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे परिवार वालों और ग्रामीणों ने रोडवेज बस में तोड़फोड़ की कोशिश करते हुए रोड पर जाम लगा दिया। वहां से गुजर रहे बाइक सवार को रोडवेज बस चालक समझकर भीड़ ने पीटकर लहुलुहान कर दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची और ग्रामीणों को समाकर जाम खुलवाया।

आरबीआई ने 5000 रुपये तक बढ़ाई यूपीआई लाइट वॉलेट की लिमिट

मुंबई, 4 दिसंबर (एजेंसी)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को मोबाइल फोन के जरिए भुगतान करने वालों को खुशखबरी दी है। केंद्रीय बैंक ने यूपीआई लाइट वॉलेट लिमिट को 5000 रुपये और प्रति लेन-देन की लिमिट 1000 रुपये तक बढ़ा दिया है। इस कदम का मकसद मोबाइल फोन के जरिए तत्काल भुगतान की प्रणाली को और अधिक बढ़ावा देना है। यूपीआई लाइट से पैसे का लेन-देन ऑफलाइन होते हैं। यानी इन लेन-देन में अतिरिक्त सुरक्षा प्रमाण (एएफए) की जरूरत नहीं होती और लेन-देन की जानकारी रियल टाइम में नहीं भेजी जाती।अब तक ऑफलाइन लेन-देन की अधिकतम सीमा 500 रुपये थी और एक भुगतान उपकरण पर कुल ऑफलाइन लेन-देन की सीमा 2000 रुपये थी। आरबीआई ने बुधवार को जनवरी 2022 में जारी ऑफलाइन ढांचे में संशोधन किया था, ताकि छोटी राशि के डिजिट भुगतान को ऑफलाइन मोड में सुगम बनाया जा सके।

25 साल बाद मुंबई वापस लौटीं ममता कुलकर्णी, छलक आए आंसू

मुंबई, 4 दिसंबर (एजेंसी)। शाहरुख खान और सलमान खान की फिल्म 'करण अर्जुन' की अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने 25 साल बाद भारत लौटने पर अपनी भावनाओं को साझा किया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह अपनी भारत वापसी पर भावुक और अभिभूत नजर आईं। ममता कुलकर्णी ने वीडियो में कहा कि वह 25 साल बाद भारत लौटी हैं और मुंबई पहुंचने पर उन्हें अपनी पुरानी यादें ताजा हो गई हैं।

उन्होंने कहा कि जब उनकी फ्लाइट भारत के ऊपर से गुजर रही थी, तो वह अपनी मातृभूमि को देख कर बेहद भावुक हो गईं। मुंबई एयरपोर्ट पर उतरते वक्त वह आंसू नहीं रोक पाई और गहरे भावनात्मक क्षण का अनुभव किया। बता दें कि फिल्म के अलावा ममता निजी जिंदगी की वजह से भी सुर्खियों में रही हैं। 12 अप्रैल 2016 को ठाणे पुलिस ने दो वाहनों में से पुलिस ने दो-तीन किलो एपेड्रीन पाउडर बरामद किया, जो कि नशे की दवाइयों की श्रेणी में आता है।

इस मामले में आरोपी मयूर और सागर को गिरफ्तार किया गया था और दवाइयों की कीमत लगभग 80 लाख रुपये थी। दोनों के पास फर्जी पहचान पत्र भी थे। जांच के दौरान पुलिस ने 10 लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि ममता कुलकर्णी समेत सात लोगों को वांछित घोषित किया गया। पुलिस का आरोप था कि ममता कुलकर्णी ने जनवरी 2016 में केन्या में एक बैठक में शामिल होकर आरोपी विक्की गोस्वामी और अन्य के साथ इसको लेकर चर्चा की थी। हालांकि, ममता कुलकर्णी ने अपने वकील माधव थोराट के जरिए दायर याचिका में कहा कि उनके खिलाफ आरोप केवल एक सह-आरोपी के बयान पर आधारित हैं और इसके खिलाफ ठोस सबूत नहीं हैं। अंत में, अदालत ने आरोपों और साक्ष्यों की समीक्षा करने के बाद यह निष्कर्ष निकाला कि उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोप साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं है।

अभिनेत्री पायल रोहतगी ने मांगी पिता के इलाज को मदद

मुंबई, 4 दिसंबर (एजेंसी)। अभिनेत्री पायल रोहतगी ने कुछ देर पहले ही अपने इंस्टाग्राम अकांउट पर एक लंबी पोस्ट लिखी है। जिसमें वह अपने पिता के इलाज के लिए पैसों की मदद मांग रही हैं। इस पोस्ट के बाद से ही कई सोशल मीडिया यूजर्स उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। क्या है पूरा मामला विस्तार से जानिए। पायल रोहतगी ने इंस्टाग्राम पर जो पोस्ट की है, उसमें बताया है कि उनके पिता कैंसर से पीड़ित हैं। वह अपनी पोस्ट में लिखती हैं, मैंने बहुत सोच-विचार के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का फैसला किया है। हमारे देश में इलाज बहुत महंगा है। मिडिल क्लास के पास एक लिमिट में ही पैसा होता है। मेरे पिता को बीमा कंपनी से मदद नहीं मिल रही है, जबकि उन्होंने अपना प्रीमियम समय पर चुकाया था। मेरे पिता ने कहा है कि इस बारे में मैं सोशल मीडिया पर जानकारी दूं। पायल आगे लिखती हैं, मेरे पिता के लिए क्राउड फंडिंग यानी डोनेशन की जरूरत है। वह एक सीनियर सिटीजन हैं, उन्हें प्रोस्टेट कैंसर हैं, यह बीमारी उन्हें साल 2018 में हुई।' पायल ने पोस्ट के साथ अपने पिता की बीमारी के सभी मेडिकल पेपर और बैंक अकांउट नंबर भी शेयर किया है। साथ ही अपने फैंस से पैसों की मदद मांगी है।

'बुध' को दिल्ली की हवा हुई काफी शुद्ध

नई दिल्ली, 4 दिसंबर (एजेंसी)। राजधानी में हवा की दिशा बदलने और गति तेज होने से वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में पहुंच गई है। लोगों ने लंबे समय बाद इस श्रेणी की हवा में सांस ली है। इससे आसमान भी बिल्कुल साफ रहा। जिससे लोगों को प्रदूषित हवा से लगभग दो महीने बाद राहत मिली है। बुधवार को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 178 रहा, जोकि मध्यम श्रेणी में है। यह मंगलवार के मुकाबले 100 सूचकांक की कम है। इससे पहले 10 अक्तूबर को एक्यूआई 164 दर्ज किया गया था। इसके बाद सर्दी के दस्तक देने के साथ ही हवा की स्थिति बिगड़ती गई।

सौ करोड़ की लागत से बनेगा ऋषिकेश में राफ्टिंग बेस स्टेशन

नई दिल्ली/देहरादून, 04 दिसंबर (वार्ता)। केंद्र सरकार ने पूंजीगत निवेश के लिए 'विशेष सहायता' के अंतर्गत बुधवार को देश के 23 राज्यों के 40 विभिन्न पर्यटक स्थलों के विकास के लिए 3295 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। इसका लाभ उत्तराखंड स्थित योग और पर्यटन नगरी ऋषिकेश को भी मिला है। योजना के अंतर्गत, आइकोनिक सिटी, ऋषिकेश में आधुनिक राफ्टिंग बेस स्टेशन का निर्माण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राफ्टिंग गतिविधियों को बढ़ावा देने वाला मौजूदा बुनियादी ढांचा अपर्याप्त है। जिससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों को कई महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, राफ्टिंग के शुरुआती स्थलों जैसे ब्रह्मपुरी, शिवपुरी, मरीन ड्राइव और कौड़ीयाला और समापन स्थलों जैसे नीम बीच, लक्ष्मण झूला और जानकी झूला सहित यहाँ अभी राफ्टिंग रोमांच की बुकिंग के लिए एक सुव्यवस्थित प्रणाली स्थापित नहीं हो पाई है। शौचालय और कपड़े बदलने के लिए उचित स्थान की व्यवस्था जैसी सुविधाओं के अभाव के साथ-साथ सुरक्षा प्रावधानों में कमी और ऋषिकेश-तपोवन-शिवपुरी कॉरिडोर पर यातायात से होने वाली भीड़ भी अन्य मुद्दों में शामिल है।

कॉमेडियन सुनील पाल बोले- दो तारीख को मेरा अपहरण हुआ

पत्नी ने किया वीडियो जारी कर खुलासा करने का दावा

मुंबई, 4 दिसंबर (एजेंसी)। कॉमेडियन सुनील पाल की गुमशुदगी की खबरों के बीच उनकी पत्नी सरिता ने इस संबंध में जानकारी साझा की और बताया कि कॉमेडियन घर आ गए हैं। पत्नी के बाद अब खुद सुनील पाल ने भी एक वीडियो जारी किया। इस वीडियो में उन्होंने खुलासा किया है कि उनका अपहरण हुआ था। कॉमेडियन ने एक वीडियो जारी किया है, जो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। इसमें वे कहते नजर आ रहे हैं, 'मैं हूं सुनील पाल, दो तारीख को मेरा अपहरण हुआ था। लेकिन, मैं अब सुरक्षित बाहर आ गया हूं। अभी पुलिस स्टेटमेंट चल रही है। बाकी बातों के जवाब मैं आपको आगे पहुंचा दूंगा। आप लोगों का प्यार और दुआ मेरे साथ है। मैं अब ठीक हूं'। सुनील पाल ने कहा कि दो दिसंबर को दिल्ली से उनका अपहरण हुआ। उन्होंने बताया कि मेरठ बॉर्डर की तरफ से दिल्ली से उन्हें किडनैप किया गया। कॉमेडियन ने आगे कहा, 'बाकी बातें मैं बाद में बता दूंगा। आपका प्यार मेरे साथ था, है और रहेगा'। वहीं, कॉमेडियन की पत्नी सरिता का भी कहना है, 'अब सब ठीक है'। सुनील पाल की पत्नी ने गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखवाई थी। उन्होंने जानकारी दी कि कॉमेडियन किसी शो के सिलसिले में शहर से बाहर गए थे और 3 दिसंबर को ही घर लौटने वाले थे, लेकिन इस बीच उनका फोन बंद आने लगा। बहुत देर तक जब कॉमेडियन से कोई संपर्क नहीं हुआ तो पत्नी ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवा दी।

शेयर बाजार में डूबे 15 लाख रुपये.. पिता के नाम लिखा संदेश और दे दी जान

मथुरा, 4 दिसंबर (एजेंसी)। मथुरा के हाईवे थाना क्षेत्र में एक युवक ने शेयर बाजार में 15 लाख रुपये डूबने पर तमंचे से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। युवक ने मरने से पहले पिता को यह संदेश भेजा। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही रेलवे लाइन पर पड़ा एक तमंचा भी बरामद किया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी आनंद कुमार ने बताया है कि हाईवे थाना क्षेत्र के गांव उसपार निवासी अभिषेक (19) गोवर्धन चौराहे पर मोबाइल की दुकान करता था। पिता और अन्य लोगों से 15 लाख रुपये लेकर शेयर बाजार में लगाए थे, लेकिन शेयरों के रेट कम होने से रुपये डूब गए। इससे अभिषेक मानसिक तनाव में आ गया। मंगलवार दोपहर एक बजे तमंचा लेकर बाजना पुल स्थित रेलवे लाइन पर पहुंच गया और आत्महत्या कर ली।

योगी के आदेश: नहीं बचे संभल का कोई उपद्रवी, उन्हीं से नुकसान की करें भरपाई

लखनऊ, 4 दिसंबर (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कानून-व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा के दौरान कहा कि संभल का एक भी उपद्रवी बचना नहीं चाहिए। संभल की तरह किसी अन्य जिले में अराजकता फैलाने की छूट किसी को नहीं दी जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। सीएम ने अवैध अतिक्रमण, चेन स्नेचिंग और बाइक से स्टंटबाजी करने वालों पर भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएम ने मुख्य सचिव, डीजीपी समेत शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए फील्ड में तैनात अधिकारियों से बात की। योगी ने खासकर गौतमबुद्धनगर, अलीगढ़ और संभल का नाम लेकर कहा कि किसी भी जिले में अराजकता फैलाने की छूट नहीं दी जा सकती है। जिन्होंने सार्वजनिक संपत्ति को क्षतिग्रस्त किया है, उसे ठीक कराने का खर्च भी उन्हीं उपद्रवियों से वसूला जाए। अराजकता फैलाने वालों को चिह्नित कर उनके पोस्टर लगाएं। जनता का सहयोग लें। सघन सर्च ऑपरेशन चलाएं। एक भी उपद्रवी बचना नहीं चाहिए। वहीं, अवैध अतिक्रमण को लेकर सीएम ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण के मामले संवेदनशील हैं। सड़क आवागमन के लिए है। भवन निर्मा

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

वित्तमन्त्री की भावना और भाषा

संसद में चर्चा के दौरान वित्तमन्त्री निर्मला सीतारमण ने अपने ऊपर हुए हमलों का जवाब जोरदार तरीके से दिया और के.सी. वेणुगोपाल की टिप्पणी को भी गलत ठहराया, नागरवाला केस का जिक्र भी हुआ। वित्तमन्त्री संसद में बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक पर चर्चा का जवाब दे रही थी। इस दौरान उन्होंने सपा के सदस्य राजीव रॉय द्वारा उन्हें लिखे गए एक पत्र का जिक्र करते हुए हिन्दी में कुछ कहा, तभी एक शब्द पर उन्हें टोके जाने पर उन्होंने कहा कि मेरी हिन्दी भाषा इतनी अच्छी नहीं है। मैं बोलचाल में हिन्दी के कुछ ही शब्द बोल पाती हूँ। हिन्दी की इतनी शब्दावली जरूर समझती हूं कि क्या अपशब्द हैं और क्या नहीं। मैं एक ऐसे राज्य से आती हूं, जहां हिन्दी पढ़ना गुनाह है, इसलिए मुझे बचपन से हिन्दी पढ़ने से रोका गया। संसद में वित्तमन्त्री निर्मला सीतारमण की भाषा तो अंग्रेजी थी, लेकिन भावना अपने देश की थी। वित्तमन्त्री ने हिन्दी को लेकर जो कुछ कहा वह महत्वपूर्ण है। तमिलनाडु में जाने वाले लोग भी वहीं सच बताते हैं, जो निर्मला सीतारमण ने कहा। वहाँ लोग थोड़ी-थोड़ी हिन्दी जानते हुए भी हिन्दी में पूछी गयी बातों का जवाब नहीं देते। वित्तमन्त्री ने जो कहा कि 'मैं एक ऐसे राज्य से आती हूं जहां हिंदी पढ़ना गुनाह है' यह बिल्कुल ठीक है, उनकी यह बात कुछ तमिल सांसदों को नागवार लगी, उन्हें फिर उन्होंने अंग्रेजी में जवाब दिया। निर्मला सीतारमण को विपक्ष के दो हमलों का जवाब देना पड़ा। एक हिन्दी भाषी विपक्षी सांसदों को और दूसरा तमिल भाषी सांसदों को। वित्तमन्त्री के इस सम्बोधन ने देश को बताया कि उनकी भावना देश के लिए क्या है और तमिल या हिन्दी भाषा के लिए क्या है। उन्हें राजीव राय ने पत्र लिखा, इस पर निर्मला सीतारमण ने कहा कि उन्होंने मुझे पत्र लिखा, लिखी या लुक्खा, विपक्षी सदस्यों ने इस लुक्खा शब्द को पकड़ कर निर्मला सीतारमण को टोका, कहा कि लुक्खा शब्द असंसदीय है, तब हिन्दी तमिल की बात शुरू हुई। तमिलनाडु के कुछ द्रमुक सदस्यों ने सीतारमण की टिप्पणी का विरोध किया, तो उन्होंने कहा कि जब मैं कहती हूं कि तमिलनाडु में माहौल हिन्दी सीखने के अनुकूल नहीं था, तो यह मैं तमिलनाडु में अपने निजी अनुभव से कहती हूं। उन्होंने द्रमुक सांसदों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि वे हिन्दी को थोपने के खिलाफ हैं, मैं उसका समर्थन करती हूं। किसी पर कुछ भी नहीं थोपा जाना चाहिए। सीतारमण ने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी एक भारत श्रेष्ठ भारत की बात करते हैं और सभी राज्यों को उनकी भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए मोदी देश के पहले प्रधानमन्त्री हैं, जिन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग और मेडिकल जैसी उच्च शिक्षा भी स्थानीय भाषाओं में दी जानी चाहिए। इसलिए मुझे कहते हुए बेहद खुशी हो रही है कि आज तमिलनाडु में भी मेडिकल शिक्षा तमिल में प्राप्त की जा सकती है। सीतारमण ने कहा कि मोदी पहले प्रधानमन्त्री हैं, जो तमिल भाषा को संयुक्त राष्ट्र में ले गए। वह बार-बार अपने भाषणों में तमिल कवियों के उद्धरण का उल्लेख करते हैं, क्योंकि वह उस भाषा का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि द्रमुक के गठबंधन सहयोगी दलों से बने एक प्रधानमन्त्री का नाम बताएं, जिन्होंने तमिल कवियों को उद्धृत किया? हमारे प्रधानमंत्री ने ऐसा किया। तमिलनाडु में हिन्दी पर डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने कहा कि ऐसा कभी नहीं हुआ कि तमिलनाडु में किसी को कोई भाषा सीखने से रोका गया हो। हमने सिर्फ हिन्दी थोपे जाने का विरोध किया था। तमिलनाडु में हिन्दी थोपे जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए और काफी संघर्ष हुआ। इस पर निर्मला सीतारमण ने कहा कि हिन्दी और संस्कृत सीखना किसी अन्य विदेशी भाषा और शब्दों को सीखने जैसा समझा जाता है, जिनका प्रयोग यहां आने वाले लोग करते हैं। क्या तमिलनाडु भारत का हिस्सा नहीं है? तो मेरे लिए हिन्दी सीखने में क्या गलत है। उन्हें बाहरी कहा जाता था। उन्होंने आश्चर्य जताते हुए कहा कि वे हमें बाहरी कहते थे। क्या यह तमिलनाडु की राजनीतिक रणनीति का हिस्सा नहीं है? वित्तमंत्री ने कहा कि मुझे मेरी पसंद की भाषा सीखने के मौलिक अधिकार से वंचित किया गया। मैंने तमिलनाडु का अनुभव किया है, जहां मुझ पर हिन्दी न सीखने का दबाव डाला गया। क्या यह मुझ पर थोपा जाना नहीं है? यह कहना ठीक है कि हम हिन्दी नहीं थोपना चाहते। हम हिन्दी नहीं थोपना चाहते, लेकिन उन्होंने मुझ पर हिन्दी न सीखने का दबाव क्यों डाला? मैं यह पूछना चाहती हूं। मुझसे कहा गया कि तुम हिन्दी क्यों सीखना चाहती हो, यह तो उत्तर भारत की भाषा है। ये शब्द मेरे कानों में गूंज रहे हैं। संसद में चर्चा के दौरान नागरवाला केस, इंदिरा गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी का भी जिक्र हुआ। संबित पात्रा ने नागरवाला केस का जिक्र करते हुए इंदिरा गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधा। के. सी. वेणुगोपाल ने इस पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी का नाम रिकॉर्ड से हटाया जाना चाहिए। इंदिरा जी को अटल बिहारी वाजपेयी ने दुर्गा कहा था। निर्मला सीतारमण ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने कभी इंदिरा गांधी को दुर्गा नहीं कहा और न ही इसका कोई सबूत है। उन्होंने कहा कि ये बात पूरी तरह से निराधार है। इसलिए संसद की कार्यवाही से यह बात भी हटायी जानी चाहिए। इसके बाद स्पीकर ओम बिरला ने आश्वस्त किया कि रिकॉर्ड में यह बात पुष्टि के बाद ही जोड़ी जायेगी। इस बहस के बाद नागरवाला केस चर्चाओं में आ गया। यह मामला साल 1971 का है। दिल्ली के पार्लियामेंट रोड स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ब्रांच से तत्कालीन प्रधानमन्त्री इंदिरा गांधी के नाम पर 60 लाख रुपये कैश निकाले गए थे। कहते हैं कि ब्रांच के चीफ कैशियर की इंदिरा से बात भी हुई थी। हालांकि बाद में ये मामला फर्जी पाया गया और इस तरह देश के सबसे बड़े बैंक के साथ 60 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई थी। पुलिस ने कैश लेने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उनका नाम था रुस्तम नागरवाला। नागरवाला की कुछ समय बाद दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। इस मामले की सच्चाई क्या है, ये आज तक किसी को पता नहीं चल पाया। एसबीआई ने कैशियर मल्होत्रा को बर्खास्त कर दिया, तो उसे इंदिरा गांधी की सरकार में नौकरी दे दी गई। नागरवाला के बारे में कहते हैं कि उसे इंदिरा गांधी का संरक्षण प्राप्त था, वरना वह प्रधानमन्त्री के नाम पर धोखाधड़ी की हिमाकत नहीं कर सकता था। हालांकि कांग्रेस इसे इंदिरा गांधी को बदनाम करने की साजिश मानती है।

चार तीर

सुनील उत्सव

"व्यापार" "आदमी" "बकवास" "नेता"

हो अगर व्यापार में बकवास तो चलता नहीं,
आदमी फिर क्या करे बकवास करने के लिए?
नौकरी में भी कोई बकवास कर सकता नहीं,
इसलिए नेता बने, बकवास करने के लिए।

जनसहयोग से वीतराग संत की इच्छानुरूप तीर्थ को देंगे नई पहचान: उमेश मिश्रा

- शुकतीर्थ पर विशेष आवरण विमोचन कार्यक्रम डाकघर में संपन्न

मुजफ्फरनगर, 04 दिसम्बर (बु.)। भारतीय डाक विभाग द्वारा भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम, शुकतीर्थ पर विशेष आवरण एवं विरूपण का विमोचन पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द व डीएम उमेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान डीएम उमेश मिश्रा ने कहा कि भागवत भूमि शुकतीर्थ की धरोहर विश्व की मार्ग दर्शक बनेगी। डाक विभाग का प्रयास सनातन संस्कृति संरक्षण, संवर्धन और गौरव की दिशा में सार्थक बनेगा। बुधवार को नई मंडी प्रधान डाकघर के सभागार में संपन्न समारोह में मुख्य अतिथि डीएम उमेश मिश्रा ने कहा कि पूज्यपाद वीतराग स्वामी कल्याणदेव ने ऋषि-मुनियों की तपोभूमि का जीर्णोद्धार कर शुकतीर्थ को जन सुलभ बनाया। जनसहयोग से वीतराग संत की इच्छानुसार तीर्थ के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। देश-विदेश में शुकतीर्थ से ही जनपद मुजफ्फरनगर की विशिष्ट पहचान है। उन्होंने कहा कि जो पीढियां, समाज व राष्ट्र अपने गौरवशाली अतीत को संरक्षित नहीं रखता और आगे बढ़ाने का कार्य नहीं करता, उस समाज को नष्ट होने से कोई नहीं बचा सकता है। सनातन संस्कृति से जुड़ी धरोहरों का संरक्षण मन और समर्पण से करें। झंझावातों में फंसे जीवन को सुख, शांति और लक्ष्य की ओर ले जाने का मार्गदर्शन भागवत करती है। वेदों, शास्त्रों और उपनिषदों में इतना ज्ञान-विज्ञान समाहित है, जो रामायण और महाभारत के इतिहास में दृष्टिगोचर होता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने शुकतीर्थ विकास परिषद का गठन कर भागवत भूमि को भव्य स्वरूप देने की ओर कदम बढ़ा दिया है, जिले की सामाजिक संस्थाए, औद्योगिक इकाइयां व स्वयंसेवकों के साथ प्रशासन एकजुट होकर स्वच्छ तीर्थ बनाने का अभियान शीघ्र प्रारम्भ करेगा। भागवत पीठ शुकदेव आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज ने कहा कि पूज्य गुरुदेव ने निष्काम भाव से श्रीमद भागवत की उद्गमस्थली को संरक्षित करते हुए विकसित किया, जिसका दर्शनीय स्वरूप आज मूर्त रूप ले रहा है।

उन्होंने शुकतीर्थ के इतिहास और गौरव से जुड़े तथ्य बताते हुए कहा कि धार्मिक प्रवृत्तियों को समझने के लिए भागवत का अनुसरण आवश्यक है। डाक विभाग बधाई का पात्र है, जिन्होंने भागवत भूमि पर विशेष आवरण जारी किया। सीनियर पोस्ट मास्टर बीएल मीणा ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान शुकदेव आश्रम स्वामी कल्याण देव सेवा ट्रस्ट के ट्रस्टी रामपाल सिंह, देवराज पंवार, ओमदत्त देव ने विचार रखे। कार्यक्रम में मा. विजय सिंह, रमेश मलिक, देवेंद्र राणा, प्रमोद धीमान, गजेंद्र राणा, रवि निर्वाल, आनंद पाल सिंह, अरुण धीमान, शुभम शर्मा, मयंक चौधरी, दीपक मिश्रा आदि मौजूद रहे। संचालन ओमदत्त ने किया।

पीठाधीश्वर ने भेंट किया डीएम को शुकतीर्थ साहित्य

मुजफ्फरनगर, 04 दिसम्बर (बु.)। भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज ने नई मंडी डाकघर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीएम उमेश मिश्रा, सीनियर पोस्ट मास्टर बी एल मीणा, निरीक्षक मनीष राणा तथा डिप्टी पोस्ट मास्टर मनोज कुमार सिंह को शुकतीर्थ साहित्य एवं प्रसाद भेंट किया। इससे पूर्व डाक विभाग की ओर से अतिथि शुकतीर्थ के पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज तथा डीएम उमेश मिश्रा को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मंत्रपाठ आचार्य गिरीश चन्द्र उप्रेती ने किया। कार्यक्रम में डाक विभाग के सुदेश कुमार, विवेक बालियान, अमित कुमार, अनुज कुमार, सीमा गोयल, अनु अरोड़ा, आराधना, हिमानी, सुखविंदर सिंह आदि का सहयोग रहा।

सदर ब्लॉक स्तरीय मिनी क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 04 दिसम्बर (बु.)। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन बीएसए सन्दीप कुमार ने किया। खंड शिक्षा अधिकारी ध्यान चन्द की देखरेख में आयोजित सदर ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के छात्रों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग लिया। बीएसए सन्दीप कुमार ने कहा कि खेल बच्चों का ज्ञान बढ़ाने में, निर्णय लेने में एवं मानसिक कौशल विकसित करने में सहायता प्रदान करते हैं। खेल के माध्यम से बच्चों में भाषा व संचार कौशल को विकसित करने में सहायता मिलती है। बच्चों को खेल-कूद प्रतियोगिता में भाग लेने से आत्म सम्मान, सामाजिक कौशल और आत्म विश्वास को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। ब्लॉक स्तरीय मिनी क्रीडा प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर आशीष और नैना 50 मीटर दौड़, सागर और नैना 100 मीटर, समर और नैना 200मी., आशीष और नैना 400 मी. दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं लम्बी कूद में देव और इकरा एवं बालक वर्ग कबड्डी में धन्धेडा और बालिका वर्ग में बागोवाली, बालक वर्ग में खो-खो में दतियाना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक स्तर पर 100 मी. दौड़ में आर्यन पाल परई, 200 मी. दौड़ आर्यन परई 400 मी. में फेजाना लम्बी कूद में सलमान ऊंची कूद में अंश, बालिका वर्ग में 100 मी. दौड़ में जिया रथेड़ी, 200मी. दौड़ में मंतशा,. 400 मी. दौड़ नैना, लम्बी कूद में रिया बहादुरपुर, ऊंची कूद में अलसबा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीएसए सन्दीप कुमार एवं खंड शिक्षा अधिकारी ध्यान चन्द ने संयुक्त रूप से छात्रों को इस बीच पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए जिले स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता की तैयारी करने को कहा। इस दौरान रामधन गुप्ता, शिवकुमार शर्मा, सन्दीप वर्मा, अनवर सुल्तान, राकेश राठी, संजीव बालियान, अरशद अली, केके शर्मा, दिवाकर शर्मा, संगीता त्यागी आदि मौजूद रहे।

गाँधी कॉलोनी हाउसिंग सोसाइटी के पूर्व चेयरमैन पवन छाबड़ा का किया सम्मान

मुजफ्फरनगर, 04 दिसम्बर (बुस.)। गाँधी कॉलोनी हाउसिंग सोसाइटी के पूर्व चेयरमैन पवन छाबड़ा का एमराल्ड परिवार द्वारा गाँधी वाटिका में बुलाकर उनको बुके देकर व शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया व कॉलोनीवासियों द्वारा उनके 5 वर्ष के कार्यकाल की सराहना भी की गई। पवन छाबड़ा द्वारा सभी कॉलोनीवासियों को आश्वासन दिया कि उन्होंने 24 घंटे समाज के लिए काम किया है और डट के करते रहेंगे और अपने समाज के लिए दिन रात खड़े हैं और खड़े रहेंगे। इस दौरान अजय ग्रोवर, अनिल आहूजा, अमित अरोरा, अनिल नारंग, विजय कालरा, विपुल धमीजा, दीवप्रीत (हन्नी), ज्ञान जुनेजा, नीरज मुंजाल, रवि अरोरा, आशीष चोपड़ा, अचीन, नितिन गाबा, विवेक अरोरा, नितिन कपूर, मनीष अरोरा मौजूद रहे।

महिला ने पति की हत्या का आरोप लगा की जांच की मांग

छपार, 04 दिसम्बर (बु.)। महिला ने पति की हत्या कर कम्पनी से मिली धनराशि हड़पने का आरोप लगाकर छपार पुलिस से कार्यवाही की फरियाद लगाई है। छपार थाना क्षेत्र के कासमपुर गांव निवासी नसरीन नामक महिला ने छपार पुलिस को दिए गए शिकायती-पत्र में बताया कि उसकी शादी वर्ष 2018 में आरिफ पुत्र शराफत निवासी गांव सिकंदरपुर थाना मीरापुर जिला मुजफ्फरनगर के साथ हुई थी। प्रार्थिनी ने बताया कि उसके दो छोटे बच्चे हैं। महिला ने बताया कि कुछ लोग उसके पति को बैंगलोर में नौकरी करने की बात कहकर ले गए थे। फिर उसे पता चला कि उसके पति को किसी कम्पनी में नौकरी पर लगवा दिया गया है। 13 मार्च 2024 में उसके पति की रहस्यमय तरीके से मौत हो गई। महिला का आरोप है कि उसके पति की मौत के बाद कुछ लोगों ने कम्पनी से उसके मृत पति का मुआवजा भी वसूल कर लिया गया। उसे कोई जानकारी नहीं दी गई। उसके द्वारा परिजनों से जानकारी लेने पर उसे मारपीट कर उसकी ससुराल वालों ने घर से निकाल दिया। महिला ने अपने पति की सुनियोजित हत्या का आरोप लगाकर उसके परिजनों को नामजद कर छपार पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

श्रमिकों को ले जा रहा वाहन दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत और 13 घायल

जम्मू, 4 दिसंबर (एजेंसी)। किश्तवाड़ में बुधवार की रात दर्दनाक हादसा हो गया। यहां दच्छन में डागदोरु परियोजना स्थल से 15-20 लोगों को ले जा रहा एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन में सवार सभी श्रमिक बिजली परियोजना में काम करते थे। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए।

22 को विराट जन आक्रोश रैली निकालेगी क्रान्ति सेना

मुजफ्फरनगर, 04 दिसम्बर (बुस.)। प्रकाश चौक स्थित क्रांति सेना के कार्यालय पर एक मीटिंग क्रांतिसेना द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत मुकेश त्यागी जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में रखी गई, जिसकी अध्यक्षता आनंद प्रकाश गोयल शिवसेना अध्यक्ष ने और मंच का संचालन शरद कपूर ने किया। क्रांति सेना के परिवार को लगातार बढ़ाते हुए पूनम चौधरी जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा क्रांति सेना के द्वारा मोहन पंडित को क्रांति सेना परिवार में जोड़ा गया। मोहन पंडित के साथ करीब 30 लड़कों ने भी युवा क्रांति सेना की सदस्यता ग्रहण की, जिनमें सचिन, कार्तिक, सुरेंद्र, कुणाल चौधरी, अंतेश, नितिन, नरेश, दिनेश शर्मा, अंकित शर्मा, मनोज, विनोद, अखिल आदि ने क्रांति सेना की सदस्यता ग्रहण की। क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष मुकेश त्यागी ने मोहन पंडित को जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया और उन्हें संगठन के प्रति निष्ठावान और वफादार रहने के लिए कहा। मोहन पंडित को जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी, शालू चौधरी ने पटका पहनकर सम्मान किया। इस इस अवसर पर आज जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी ने मीडिया के द्वारा जनता से 22 दिसंबर को विराट जन आक्रोश रैली निकाली जायेगी उसमें ज्यादा से ज्यादा जनसंख्या में लोगों से आने का आह्वान किया। मीटिंग में पूनम चौधरी जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा क्रांति सेना, शालू चौधरी महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा, पूनम चाहल जिला उपाध्यक्ष, मिथिलेश गिरी जिला उपाध्यक्ष, संजीव वर्मा जिला उपाध्यक्ष, देवेंद्र चौहान महानगर अध्यक्ष, आनंद प्रकाश गोयल शिवसेना अध्यक्ष, आदित्य कश्यप नगर महासचिव, राजेंद्र तायल, शरद कपूर मंडल अध्यक्ष, चैतन्य देव विश्वकर्मा जिला महासचिव आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

FOR RENT
A Three Room Set Available On Rent.
Area 208 Sq. yards,
At Patel Nagar,
New Mandi,
Muzaffarnagar
Please Contact At
9219660843
8433239923

आईआईटी रुड़की छात्र की संदिग्ध हालात में मौत

रुड़की, 4 दिसंबर (एजेंसी)। रुड़की आईआईटी में एक छात्र की संदिग्ध हालात में मौत हो गई है। छात्र का शव छत के पंखे पर फंदे पर लटका मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से नीचे उतारा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस छात्र की मौत के कारणों का पता लगा रही है। पुलिस के अनुसार, हनुमान गलवा (19) पुत्र जगमाल राम निवासी भटनोखा, जिला नागौर राजस्थान, आईआईटी रुड़की में बीएस एमएस (मैथमैटिक्स एंड कंप्यूटर साइंस) पांचवें सेमेस्टर की पढ़ाई कर रहा था। वह आईआईटी परिसर के जवाहर भवन के कक्ष संख्या बीएफ 12 में रह रहा था। बताया जा रहा है कि बुधवार करीब दो बजे तक वह आईआईटी परिसर में घूमता दिखाई दिया था। इसके बाद वह कमरे के अंदर चला गया था। उसके दोस्तों ने किसी काम से उसके मोबाइल पर कॉल की लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इस पर दोस्त उसके कमरे पर पहुंचे और आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। दोस्तों ने इसकी सूचना आईआईटी प्रबंधन को दी। आईआईटी प्रबंधन ने सूचना सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजे की कुंडी तोड़कर अंदर गए। जहां छात्र का शव पंखे पर फंदे पर लटका हुआ था। पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही घटना की सूचना मृत के परिजनों को भी दी।

लाठी-डंडे, गिरफ्तारी से किसानों की आवाज को दबा नहीं सकती पुलिस

चरथावल, 04 दिसम्बर (बु.)। गाँव रोनी हरजीपुर निवासी भाकियू नेता एवं जिला पंचायत सदस्य विकास शर्मा के आवास पर पहुँचकर चरथावल थानाप्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ विकास शर्मा को नोएडा जाने से रोकते हुए उन्हीं के घर में ही हाऊस अरेस्ट कर लिया। इस मौके पर भाकियू नेता विकास शर्मा ने कहा कि जिस तरह इस तानाशाही सरकार ने किसानों को शांतिपूर्ण धरने से उठाकर जेल भेजने का कार्य किया है, यह निंदनीय है, वह आज किसानों के धरने पर जा रहे थे, चरथावल पुलिस ने घर में ही उन्हें हाऊस अरेस्ट कर लिया है, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है। यह सरकार लाठी-डंडों व पुलिसबल के दम पर किसानों की आवाज को कदापि नहीं दबा सकेगी। किसान अपने हकों की लड़ाई के लिए हमेशा लड़ती रहेगी, चाहे सरकार कुछ भी करे।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र का नाम शिवा से बदलकर शिवा सैनी (SHIVA SAINI) रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाये। और उसके सभी दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में भी यही नाम दर्ज करा दिया है। मेरे पुत्र शिवा सैनी के आधार कार्ड में त्रुटिवश जन्मतिथि 01/08/2017 दर्ज हो गयी थी। जबकि उसकी सही जन्म तिथि 01/08/2016 है यह आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र में सही करा दी है। भविष्य में उसी जन्मतिथि 01/08/2016 मानी जाये।

जय प्रकाश पुत्र स्व0 श्री चेतराम सैनी
1351, रामलीला टिल्ला, मुजफ्फरनगर

छपार से कटकर बरला में अलग से बनेगी सहकारी समिति

छपार, 04 दिसम्बर (बु.)। बरला गांव में बहुउद्देश्यीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बी-पैक्स बनाने को सहायक आयुक्त एंव निबंधक सहकारिता ने आदेश जारी किए हैं। अभी तक बरला क्षेत्र के गांव छपार की सहकारी समिति से जुड़े चले आ रहे थे। बरला गांव के प्रधान परमात्मा शरण त्यागी ने बताया कि उन्होंने बरला में बी-पैक्स निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायती-पत्र भेज कार्यवाही की मांग की थी, जिस पर शासन स्तर से अब कार्यवाही हुई है।

आयुक्त व निबंधक सहकारिता मुजफ्फरनगर को शासन ने इसके लिए निर्देशित किया है। बरला में समिति निर्माण के लिए भूमि की तलाश शुरू की गई है। जल्द ही भूमि का चयन कर आगामी अप्रैल से निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा। छपार समिति में 17 गांव आते हैं, जिनमे अब बरला, कुतुबपुर, मांडला, ताजपुर खुर्द, खोजा नगला, ताजपुर कला, रेत्ता नगला को छपार समिति से अलग कर बी-पैक्स बरला का गठन होगा, जिससे क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर दौड़ रहे हैं डग्गामार वाहन

- जिम्मेदार अधिकारी रोकने को नहीं कर रहे प्रयास

छपार, 04 दिसम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर-रूड़की राजमार्ग पर डग्गामार वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। प्रशासन की लापरवाही के चलते सम्बधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस और से मौन साधे हुए हैं। बताया गया कि मुजफ्फरनगर शहर से जिला अस्पताल के पास से छपार, बरला, पुरकाजी, से होकर सैकड़ों की संख्या में डग्गामार वाहन, जिनमें दर्जनों बसें व जीप कारें है। यात्रियों को ढो रही हैं। इस रूट पर रोडवेज बसों की संख्या कम होने के चलते यात्री डग्गामार वाहनों में यात्रा करने को मजबूर हुए हैं। प्रतिदिन लाखों रुपए के सरकारी राजस्व का नुकसान सरकार को हो रहा है, लेकिन परिवहन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी डग्गामार वाहनों पर पिछले लंबे समय से नकेल कसने से बच रहे हैं। बताया गया है कि उक्त डग्गामार वाहन कुछ बड़े नेताओं के हैं, जिसके कारण विभागीय अधिकारी डग्गामार वाहनों को रोक लगाने को कोई प्रयास भी करने से गुरेज कर रहे हैं, जिससे जहां सरकारी राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं यात्रियों को भी परेशानी झेलनी होती है। वाहनों में नियम विरूद्ध ओवरलोड सवारी भरी जाती है, जिससे दुर्घटना की भी आशंका रहती है। प्रदेश सरकार कई बार अधिकारियों को डग्गामार वाहनों को बंद कराने को दिशा निर्देशित करती रही है, लेकिन सरकारी आदेशों के पालन को अफसर गंभीर नहीं हो रहे हैं।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन को आवश्यकता है।
खतौली
बुढ़ाना
तितावी
पुरकाजी
फील्ड में रहकर स्वयं पत्रकारिता करने वाले ही सम्पर्क करें- 9368549219
घर बैठे-बैठे पत्रकारिता करने वाले सम्पर्क ना करें।

गुरु सुदर्शन जी महाराज पर बनी फिल्म देख द्रवित हुए दर्शक

- फिल्म में गुरुदेव के जीवन के प्रेरक प्रसंग कर रहे आकर्षित

मुजफ्फरनगर, 04 दिसम्बर (बुस.)। श्वेतांबर संघ के महान आचार्य गुरु सुदर्शन जी महाराज पर बनी फिल्म सुदर्शन चक्र का सेकंड पार्ट रुंगटा सिनेमा ग्रैंड प्लाजा में एसएस सभा द्वारा 22 नवंबर से निशुल्क दिखाया जा रहा है। शाम 7:00 से 10:00 बजे तक फिल्म को देखने वाले गुरु जी के चरित्र उनके उपदेश से बहुत प्रभावित होते हैं तथा हाल में ही कई बार अश्रु धारा तक निकल जाती है फिल्म में तो दो चार ही गुरुजी के चरित्र दिखाए जाते हैं लेकिन उनके चरित्र का वर्णन करना असंभव है। जब गुरु जी पंजाब से पैदल मार्च करते हुए क्योंकि क्योंकि जैन संत पैदल जाते हैं। राजस्थान की तरफ जाते हैं तो रास्ते में आहार का कोई इंतजाम नहीं होता। कोयले के इंजन से ट्रेन चलती थी। यहां तक की पानी भी वे गुरुजी रास्ते में जब रेलवे स्टेशन पर ट्रेन आती है उसके पानी से आहार लेते। पैदल जयपुर पहुंचते। रास्ते में हर का कोई इंतजाम नहीं होता। इस प्रकार जब वहां पर प्रवचन होता है तो लोग माइक का इंतजाम करते हैं। गुरु जी कहते हैं कि माइक, गाड़ी, टेलीफोन, कूलर और एसी आदि का प्रयोग संत नहीं करते। साधु को इन सभी चीजों को दूर रहना चाहिए। हम जब तक ही लोगों को प्रवचन देते रहेंगे, जब तक वह हमारी आवाज बिना माइक सुनेंगे। इस प्रकार गुरुजी वहां से विहार करते हुए हरियाणा जाते हैं। जहां पर प्रभावित होकर अनेक व्यक्ति उनसे दीक्षा ग्रहण करते हैं। गुरुजी ऊंच नीच का कोई भेद नहीं रखते। जब एक सफाई वाला व्यक्ति गुरुजी के चरण छूता है तो एक व्यक्ति इस पर एतराज करता है। गुरुजी कहते हैं यह हमारा भाई है। हमारे बराबर है। यह तुमसे बड़ा है, क्योंकि तुम गंदगी करते हो यह सफाई करते हैं। सफाई करने वाला व्यक्ति गुरुजी से शराब ना पीने मांस ना खाने का नियम गुरु जी से परिवार सहित लेता है। इस प्रकार गुरुजी ने अनेक लोगों को बुरे कार्य से बचाकर अच्छे कार्य में लगाया। अंतिम समय में तो गुरु जी कहते हैं कि सूर्यास्त के बाद मुझे ना तो कोई दवाई दीजिए ना ही इंजेक्शन लगाया जाए। इस नियम का पालन करते हुए गुरु जी 25 अप्रैल 1999 को अंतिम सांस लेते हुए सिद्धशिला की ओर लोगों को रोता बिलखता छोड़कर चले जाते हैं। इस कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक मनमोहन जैन, महामंत्री हर्षवर्धन जैन, कीमती लाल जैन, कार्तिक जैन, अभिनव जैन, कृष्ण जैन, सन्मति जैन, आदित्य जैन, अनुराग जैन, प्रदीप जैन, योगेंद्र जैन आदि का विशेष सहयोग रहा।

सीएम के शपथ ग्रहण समारोह के कार्ड ने सबको चौंकाया


महाराष्ट्र शासन
श्री. नरेंद्र मोदी
मा. पंतप्रधान
यांच्या प्रमुख उपस्थितीत
श्री. देवेंद्र सरिता गंगाधरराव फडणवीस
यांचा महाराष्ट्र राज्याचे मुख्यमंत्री म्हणून
तसेच उप मुख्यमंत्री आणि महाराष्ट्र राज्याच्या मंत्रिमंडळातील सदस्यांचा शपथविधी समारंभ
गुरुवार, दिनांक ५ डिसेंबर, २०२४ रोजी सायंकाळी ५:३० वाजता आझाद मैदान, फोर्ट, मुंबई
येथे आयोजित करण्यात आला आहे. या प्रसंगी आपण कृपया उपस्थित

लापरवाह सफाई नायक पर गिरी गाज, 8 का रोका वेतन

23 व 39 वार्ड का किया निरीक्षण, सफाई नायक को भेजा मूल पद पर

मुजफ्फरनगर, 04 दिसम्बर (बु.)। नगरीय क्षेत्र की बेपटरी सफाई व्यवस्था को सुचारू करने और धरातल पर कर्मियों को ड्यूटी के प्रति जिम्मेदार बनाने की दिशा में छेड़े गए अभियान में सच सामने आने लगा है। बुधवार को इन्हीं हालातों के बीच पालिका अफसरों संग वार्ड निरीक्षण को निकली चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने शहर के दो वार्डों में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें भारी खामी मिली, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए जहां एक ओर सफाई नायक को उनके मूल पद सफाई कर्मी पर भेजने के साथ वेतन रोकने के निर्देश दिए, वहीं नदारद मिले मिले दो सफाई कर्मचारियों का वेतन काटने के लिए कहा।

पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप बुधवार को शहर के वार्ड 23 और 39 कच्ची सड़क क्षेत्र में औचक निरीक्षण पर निकली। वार्ड 23 में पहुंचने पर जब उन्होंने सफाई नायक और कर्मियों की उपस्थिति की जानकारी ली तो सभासद अमित पाल ने बताया कि यहां सफाई कर्मचारी जरूरत से कम हैं। लिस्ट निकलवाई तो पता चला कि यहां 12 कर्मचारी तैनात हैं, लेकिन आते 8 ही हैं, जिनमें 4 महिलाएं हैं। मौके पर 2 कर्मी अनीता पत्नी राजकुमार व अविनाश गैरहाजिर मिले। वहीं दूसरे वार्ड में तैनात कर्मचारी यहां कार्यरत मिला। वहीं एक महिला कर्मचारी गीता पत्नी नीटू भी मिली, जोकि अनीता के एवज में कार्य कर रही थी। सफाई नायक विरेन्द्र सिंह कोई संतोष जनक उत्तर नहीं दे पाए, जिसे गंभीर अनियमितता व लापरवाही मानते हुए पालिका चेयरर्सन ने कड़ी नारजागी जताते हुए उन्हें मूल पद सफाई कर्मचारी पर भेजने व वेतन रोकने के निर्देश दिए। वहीं अनीता और अविनाश का भी एक दिन का वेतन काटने के लिए कहा। उधर, वार्ड 39 में निरीक्षण में सफाई कर्मचारी व सफाई नायक समय से उपस्थित मिले और सफाई कार्य के प्रति सभासद रविकांत शर्मा व लोगों ने संतोष व्यक्त किया। इस दौरान सभासद कुसुमलता पाल, मनोज वर्मा, मोहित मलिक, रविकांत शर्मा, अमित पाल, ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार, सफाई निरीक्षक प्लाक्षा मैनवाल आदि मौजूद रहे।

इन्होंने कहा- चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि यह औचक निरीक्षण निरंतर जारी रहेगा। ड्यूटी के प्रति सबको अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। कम्पनी बाग का निरीक्षण कर वहां पर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और जरुरी निर्देश दिए गए हैं। उधर, ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि चेयरपर्सन के निर्देश पर वार्ड 23 के कार्यवाह सफाई नायक विरेन्द्र कुमार को मूल पद पर भेज दिया है। उनकी ड्यूटी अब सफाई कर्मचारी के रूप में चारों रैन बसेरों में सफाई व्यवस्था के लिए लगाई है। वेतन पर रोक लगाने के लिए नगर स्वास्थ्य अधिकारी को कहा है। पालिका की नियमित कर्मचारी अनीता द्वारा अपने स्थान पर दूसरी महिला को लगाने के लिए स्पष्टीकरण मांगा गया है।

गाजीपुर बॉर्डर पर जाम में फंसे लोगों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जड़े थप्पड़

गाजियाबाद, 4 दिसंबर (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी संभल के लिए निकले, लेकिन उन्हें पुलिस ने यूपी बॉर्डर पर ही रोक लिया। कांग्रेस नेताओं के काफिले को संभल जाने की इजाजत नहीं मिली। बुधवार को करीब दो घंटे बॉर्डर पर तनातनी के बाद राहुल और प्रियंका गांधी के काफिले को वापस दिल्ली भेज दिया गया। दोनों नेताओं के जाने के बाद कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भी दिल्ली की तरफ लौट गए। राहुल और प्रियंका गांधी समेत सभी कांग्रेस सांसद संसद चले गए। यूपी बॉर्डर पर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के काफिले को रोकने के लिए सुबह से ही ट्रैफिक को रोक दिया गया था। प्रशासन की सख्ती के चलते कई लोगों को काफी परेशानी हुई। लोग अपने गंतव्य नहीं पहुंच सके। घंटों जाम में फंसे रहने की वजह से लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। गुस्साए लोगों ने कांग्रेस नेताओं पर ही अपनी भड़ास निकालनी शुरू कर दी। गुस्से में लोग कांग्रेस कार्यकताओं से ही भिड़ गए। इस दौरान कुछ कार्यकताओं को लोगों पर थप्पड़ भी जड़ दिए। कांग्रेस कार्यकताओं ने आम लोगों के साथ मारपीट की। इस पर गुस्साए लोगों ने राहुल गांधी मुदार्बाद के नारे लगाए। पिछले दो घंटे से ज्यादा समय से पूरे हाईवे पर जाम लगा रहा।

आप विधायक नरेश बाल्यान को कोर्ट ने दी जमानत

नई दिल्ली, 4 दिसंबर (एजेंसी)। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आप विधायक नरेश बाल्यान को जमानत दे दी है। उन्हें 30 नवंबर 2024 को जबरन वसूली के एक मामले में दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया था। विदेश में बैठे गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू से बातचीत का एक ऑडियो क्लिप सामने आने के बाद नरेश बाल्यान को गिरफ्तार किया गया था। बताया गया कि ऑडियो क्लिप में गैंगस्टर व विधायक के बीच व्यापारियों से जबरन वसूली को लेकर बातचीत हो रही है। भाजपा ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर एक आप विधायक का एक ऑडियो क्लिप जारी किया। इस ऑडियो को शेयर करते हुए नरेश बाल्यान पर वसूली का आरोप लगाया था। भाजपा ने कहा कि नरेश बाल्यान का संबंध गैंगस्टर से है और वह वसूली गैंग चलाते हैं।

सलमान खान के शूटिंग सेट पर घुसे अनजान ने लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर दी धमकी

मुंबई। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के शूटिंग सेट पर कथित तौर पर एक अनजान व्यक्ति घुस गया। पूछताछ करने पर शख्स ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का नाम लेकर धमकाने की कोशिश की। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस घटना की जानकारी एक अधिकारी ने दी है। अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध को तुरंत पकड़ लिया गया और पूछताछ के लिए शिवाजी पार्क पुलिस स्टेशन ले जाया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह घटना उस समय हुई, जब संदिग्ध व्यक्ति उस सेट पर पहुंचने में कामयाब हो गया, जहां सलमान खान शूटिंग करने वाले थे। पुलिस फिलहाल इस मामले की जांच कर रही है। इस मामले में अभी ज्यादा जानकारी सामने आनी बाकी है। इस वर्ष अप्रैल में सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास पर गोलीबारी की घटना के बाद मुंबई पुलिस ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी है।

असम सरकार का बड़ा फैसला, होटल, रेस्टोरेंट और सार्वजनिक स्थानों पर नहीं बिक सकेगा बीफ

नई दिल्ली, 4 दिसंबर (एजेंसी)। असम सरकार के मंत्रिमंडल की बुधवार को कैबिनेट बैठक हुई। इसमें तमाम अहम फैसले लिए गए। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बताया कि असम में रेस्टोरेंट, होटल और सार्वजनिक स्थानों पर गोमांस नहीं बिकेगा। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में गोमांस उपभोग पर मौजूदा कानून में संशोधन कर नए प्रावधान शामिल करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि पहले हमारा फैसला मंदिरों के पास गोमांस खाने पर रोक लगाने का था लेकिन अब हमने इसे पूरे राज्य में विस्तारित कर दिया है कि आप इसे किसी भी सामुदायिक स्थान, सार्वजनिक स्थान, होटल या रेस्तरां में नहीं खा पाएंगे। यह नियम सार्वजनिक समारोह में भी लागू होगा।

'हम आगे अकेले चुनाव लड़ने का फैसला कर सकते हैं': उद्धव ठाकरे

मुंबई, 4 दिसंबर (एजेंसी)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद शिवसेना आगामी निकाय चुनावों को लेकर तैयारी तेज कर दी। मंगलवार को मुंबई में पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने एक बैठक में हिस्सा लिया। उन्होंने इस बैठक में बताया कि आने वाले समय में उनकी पार्टी अकेले चुनाव लड़ने का फैसला कर सकती है। उन्होंने यह बयान अगले कुछ महीनों में होने वाले निकाय चुनावों और विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन के मद्देनजर दिया। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी सदस्यों से शिवसेना की हिंदुत्व समर्थक विचारधारा पर उठ रहे सवालों को खारिज करने और एकनाथ शिंदे गुट के दावों का विरोध करने को कहा।

शराब पीने से मना किया तो कर दिया हमला

मुजफ्फरनगर, 04 दिसम्बर (बु.)। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के पचैंडा रोड पर शादी समारोह के दौरान कुछ युवक बेखौफ होकर कार की बोनट पर शराब रखकर पी रहे थे। जब उक्त युवकों को कार के मालिक ने गाड़ी पर शराब पीने से मना किया तो उक्त युवकों ने मालिक को ही लाठी-डंडों से पीट डाला उक्त घटना दो दिन पहले सोमवार की बताई जा रही है। शराबी युवकों द्वारा मोहित व रचित को घायल किया गया और जान से मारने की धमकी देते हुए उक्त युवक फरार हो गये।

दलित युवक को मंदिर जाने से रोकने, हाथ तोड़ने और चेहरे पर पेशाब करने के आरोपों की जांच के आदेश

मेरठ, 4 दिसंबर (एजेंसी)। जानी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अनुसूचित जाति के युवक ने कुछ लोगों पर मंदिर में गंगाजल चढ़ाने से रोकने का आरोप लगाया है। विरोध करने पर मारपीट की गई और हाथ तोड़ दिया। पीड़ित ने चेहरे पर पेशाब करने का भी आरोप है। जानी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़ित ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित राज मिस्त्री है, उसने बताया कि वह गंगा स्नान के लिए गढ़मुक्तेश्वर गया था। वहां से गंगाजल लेकर आया था। गंगाजल चढ़ाने वह गांव के मंदिर जा रहा था। रास्ते में तीन युवकों ने उसे रोक लिया। जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौज की। मारपीट कर उसका हाथ तोड़ दिया और नाले में फेंक दिया। नकदी और मोबाइल लूट लिया। पीड़ित थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी, आरोप है कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा का कहना है कि एसपी देहात को मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

सम्भल के आरोपियों की सपा नेताओं से मुलाकात कराने पर जेलर और डिप्टी जेलर हुए सस्पेंड

मुरादाबाद, 4 दिसंबर (एजेंसी)। संभल हिंसा के आरोपियों से जेल में सपा नेताओं की मुलाकात कराने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। मुरादाबाद जिला जेल के जेलर विक्रम यादव और डिप्टी जेलर प्रवीण सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं, सीनियर जेल सुपरिंटेंडेंट पर भी गाज गिरने की तैयारी है।

सोमवार को सपा के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन, ठाकुरद्वारा के विधायक नवाब जान खां और नौगावां सादात के विधायक चौधरी समरपाल सिंह समेत अन्य नेता जिला जेल पहुंचे थे। वहां उन्होंने संभल हिंसा के आरोपियों से मुलाकात की थी। इस घटना को लेकर शासन ने इसे गंभीरता से लिया और जांच के बाद जेल प्रशासन पर कार्रवाई की गई। सूत्रों के मुताबिक, इन नेताओं ने आरोपियों से करीब एक घंटे तक बातचीत की। बताया जा रहा है कि मुलाकात के दौरान कुछ जरूरी दस्तावेज और अन्य चीजों के आदान-प्रदान की भी आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद जेल प्रशासन पर नियमों के उल्लंघन का आरोप लगा। सरकार ने मामले को गंभीर मानते हुए जांच का आदेश दिया है। इस बीच, जेल प्रशासन ने भी सफाई दी है कि मुलाकात की अनुमति उच्च अधिकारियों के आदेश पर दी गई थी। हालांकि, पूरे प्रकरण पर शासन की नजर बनी हुई है और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई की संभावना है।

ट्रक और ई-रिक्शा की टक्कर में किशोरी समेत चार की मौत, ट्रक में फंसकर घिसटता रहा ई-रिक्शा

हरदोई, 4 दिसंबर (एजेंसी)। सांडी-हरपालपुर मार्ग पर ई-रिक्शा और ट्रक में टक्कर हो गई। ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और ट्रक में फंसकर ई-रिक्शा करीब 100 मीटर तक घिसटता रहा। लक्षनपुरवा के पास चालक ट्रक को छोड़कर भाग गया। हादसा में किशोरी और ई-रिक्शा चालक की मोत हो गई, जबकि दंपती समेत चार अन्य घायल हो गए। सांडी थाना क्षेत्र के चौधरियापुर गांव निवासी प्रमोद की पुत्री वैष्णो देवी की फरूर्खाबाद के पट्टिया गांव में ससुराल है। परिवारीजनों ने बताया कि वैष्णो देवी की ननद प्रियंका की शादी बृहस्पतिवार (आज) को है। बुधवार को मानीमऊ निवासी गुफरान (19) का प्रमोद ने ई-रिक्शा बुक कराया था। ई-रिक्शा से प्रमोद की पत्नी सुधा (45), पुत्री महिमा (14) और पुत्र देव (12) और उनके भाई महेश पाल की पत्नी सुधा (35) व पुत्र शोभित (15) फरूर्खाबाद जा रहे थे। सांडी-हरपालपुर मार्ग पर बखरिया गांव के मोड़ के पास खाली ड्रम लेकर आ रहे ट्रक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिसके बाद चालक ने ट्रक रोकने के बजाय भगाने का प्रयास किया। जिससे ई-रिक्शा ट्रक में फंसकर करीब 100 मीटर दूरी तक घिसटता चला गया। जिससे ई-रिक्शा पर सवार लोगों में चालक गुफरान और महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई। अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। थानाध्यक्ष छोटेलाल पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। घायलों को स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए।

मेरठ के जैद को मादक पदार्थ की तस्करी में सऊदी अरब में मौत की सजा

मेरठ, 4 दिसंबर (एजेंसी)। मुंडाली थाना क्षेत्र के गांव रछौती निवासी जैद को मादक पदार्थ की तस्करी में सऊदी अरब के मक्का की अदालत ने मौत की सजा सुनाई है। जानकारी पर मुंडाली थाना पुलिस ने जैद के घर नोटिस दिया है। नोटिस में लिखा है कि यदि वह पैरवी करना चाहते हैं तो सऊदी अरब के आंतरिक मंत्रालय और अदालत में संपर्क कर सकते हैं। वहीं विदेश में रह रहे बेटे को मौत की सजा की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। एसपी देहात डॉ. राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि जैद जेद्दाह सेंट्रल जेल सऊदी अरब में 15 जनवरी 2023 से बंद है। जैद पर मादक पदार्थ की तस्करी का आरोप लगने के बाद मक्का स्थित आपराधिक अदालत में सुनवाई हुई, जहां जैद को सजा-ए मौत सुनाई गई। मामले में सऊदी अरब के आंतरिक मंत्रालय से अनुमोदन की प्रक्रिया चल रही है। मंत्रालय की ओर से एसएसपी मेरठ को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि जैद के परिजनों तक जानकारी पहुंचा दें कि उसे मौत की सजा सुनाई गई है। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा और एसपी देहात के आदेश पर मुंडाली थाना पुलिस ने जैद के घर जाकर पैरवी के लिए नोटिस दिया है। परिजनों ने पुलिस से सऊदी अरब जाकर पैरवी करने की बात कही है।

नगरोदय योजना में कंपनी बाग के कायाकल्प की कवायद शुरू

▶ बोटिंग संग कंपनी बाग में होगी टॉय ट्रेन की रोमांचक यात्रा ▶ ईओ ने ले-आउट प्लॉन पर की चर्चा, 3.50 करोड़ होंगे खर्च

मुजफ्फरनगर, 04 दिसम्बर (बु.)। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के मार्गदर्शन में मुजफ्फरनगर की ऐतिहासिक धरोहरों में शामिल रहे कमला नेहरू वाटिका कम्पनी बाग का पूरा कायाकल्प करने की तैयारी कर ली गई। इस कड़ी में स्वप्निल प्लान को ले-आउट का रूप देने के साथ धरातल पर लाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। बुधवार को पालिका पहुंची टीम के साथ ईओ ने कम्पनी बाग को थीम पार्क में बदलने के लिए योजना के पूरे ले-आउट प्लान पर चर्चा की और इसमें आमूल-चूल परिवर्तन के निर्देश देते हुए इस प्लान का एस्टीमेट प्रस्तुत करने के लिए कहा। तैयार योजना में कम्पनी बाग में बोटिंग एरिया, जंगल थीम के साथ ही टॉय ट्रेन की यात्रा का रोमांच सभी कुछ शामिल करने की तैयारी है। अभी इस पर 3.50 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना है, लेकिन इस बजट को बढ़ाया जा सकता है। योगी सरकार की पहल पर यूपी में राजस्व में रिकॉर्ड वसूली करने वाली कुछ चयनित नगरीय निकायों के विकास के लिए हाल में मुख्यमंत्री नगरोदय योजना में विशेष बजट के लिए शासन द्वारा प्रस्ताव मांगे गये थे। पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि इसमें पंचवर्षीय योजना के तहत नगरपालिका परिषद् चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के मार्गदर्शन में खींचे विकास के खाके को लेकर शासन में खास प्रस्ताव भिजवाये गये थे, जिसमें से कम्पनी बाग के कायाकल्प का प्रस्ताव शासन ने स्वीकृत किया है। नगरोदय योजना में नगर विकास विभाग की ओर से 3.50 करोड़ रुपये का बजट देने की सहमति जताई है। नगरोदय योजना में कम्पनी बाग को थीम पार्क में विकसित करने के लिए कार्यदायी संस्था के रूप में जल निगम नगर इकाई की सीएंडडीएस कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विस काम कर रही है। इसके अवर अभियंता व अन्य आर्किटेक्ट द्वारा ले आउट प्लान तैयार किया है। टीम के लोग ले-आउट प्लान के साथ टाउनहाल पहुंचे और ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह से इस पर विस्तृत चर्चा करते हुए निर्माण एवं सौन्दर्यकरण के लिए तय कार्यों व मानकों को सामने रखा।

इन्होंने कहा- ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि कम्पनी बाग को विकसित करने के लिए यहां बोटिंग एरिया, जंगल थीम पर पत्थर के जानवर, टॉय ट्रेन, लाइटिंग, तीन फाउंटेन, वूमेन जिम, योगा एरिया, बुद्धा पार्क व सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। इस ले आउट को लेकर चेयरपर्सन से चर्चा हो चुकी है। अब इसको जिलाधिकारी के सम्मुख रखा जायेगा। उन्होंने सीएंडडीएस टीम को ले-आउट प्लॉन पर एस्टीमेट कॉस्ट तैयार करने के लिए कहा है, ताकि इसमें दर्शाये गये कार्यों को तय बजट 3.50 करोड़ रुपये में लाने के लिए अंतिम रूप प्रदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि बजट में और धन की जरुरत हुई तो इसे बोर्ड के समक्ष प्रस्ताव लाकर बोर्ड फंड या अन्य स्त्रोतों से प्रबंध किया जा सकेगा। वहीं यहां पर 170 फैंसी लाइट लगवाने का प्रस्ताव पूर्व में बोर्ड द्वारा पारित हो चुका है।

भाजपा संगठन चुनाव के लिए शंकर गिरी को जिम्मा

मुजफ्फरनगर, 4 दिसंबर (बु.)। भाजपा के संगठनात्मक चुनावों के लिए प्रदेश स्तर से जनपद प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। मुजफ्फरनगर और बिजनौर का जिम्मा प्रदेश मंत्री शंकर गिरी को सौंपा गया है। शामली का जिम्मा में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश त्रिवेदी, मेरठ जिला और महानगर तथा बागपत की जिम्मेदारी मंत्री धर्मपाल सिंह को दी गई है।

सांसद हेमा मालिनी ने उठाया बांग्लादेशी हिंदुओं पर अत्याचार का मुद्दा

नई दिल्ली, 4 दिसंबर (एजेंसी)। संसद के शीतकालीन सत्र के सातवें दिन बुधवार को लोकसभा में बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का मुद्दा उठा। शून्य काल के दौरान कृष्ण नगरी मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी सहित कुछ सदस्यों ने इस मुद्दे को उठाया। सदस्यों ने केंद्र सरकार से हिंदुओं की सुरक्षा के लिए दखल देने का अनुरोध किया और संसद से एक प्रस्ताव पारित करने की भी मांग की।

'राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे तभी पहनूंगी चप्पल', कांग्रेस कार्यकर्ता ने खाई अनोखी कसम

नई दिल्ली, 4 दिसंबर (एजेंसी)। राहुल गांधी आज जब दिल्ली से संभल के लिए निकले थे, उनका काफिला दिल्ली-यूपी बॉर्डर पर रोक लिया गया। इस दौरान भारी संख्या में आसपास के लोग राहुल गांधी का समर्थन करने के लिए गाजीपुर बॉर्डर पहुंच गए। ऐसे लोगों में पंडित रेखा शर्मा भी थीं जो अलीगढ़ से कांग्रेस कार्यकर्ता भी हैं। उन्होंने चप्पलें नहीं पहन रखी थीं। उन्होंने बताया कि उन्होंने यह कसम खाई है कि जब राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे तभी वे चप्पल पहनेंगी। उनका इंतजार कुछ लंबा हो सकता है। लेकिन उनका जज्बा यह बता रहा था कि राहुल गांधी का करिश्मा उनके समर्थकों-कार्यकर्ताओं के बीच पूरी तरह बरकरार है। रेखा शर्मा ने कहा कि यदि राहुल गांधी संभल जाकर पीड़ितों से मिलना चाहते हैं तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। सरकार को उन्हें जाने देना चाहिए। नसीमा बानो ने कहा कि कांग्रेस ने उनके लिए बहुत कुछ किया है। आज भी जब संभल की घटना पर कोई कुछ बोलने से बच रहा है, राहुल गांधी खुलकर उनकी आवाज बन रहे हैं। उन्होंने वही काम किया है जो एक बड़े नेता को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वही नेता और वही पार्टी सबसे अच्छी होती है जो सबको साथ में लेकर चलती है। उनके अनुसार, आज कांग्रेस यही काम कर रही है।

हवा के झोंकों और बंदरों के हिलाने पर ही गिर गया वाई-फाई टॉवर, दो की बची जान

मुजफ्फरनगर, 04 दिसम्बर (बु.)। बुढ़ाना में आज उस समय दो लोगों की जान बच गई, जब बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला तहसील के पीछे एसडीएम आवास के समीप एकाएक एक वाई-फाई का टावर गिर गया। घटना के समय दो महिलाएं धूप में बैठी हुई खाना खा रही थीं। एकाएक टावर हिला और सीधा पड़ौसी जयदेव मलिक की छत पर जा गिरा, जहां जयदेव के परिवार की महिलाएं खाना खा रही थीं। टावर गिरने के बाद महिलाओं के मुंह से चीख निकल गई, जिस पर आस पड़ोस के लोग अपने घरों से बाहर निकलकर आ गये। घटना का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और सभी ने एक ही सवाल खड़ा किया कि टावर लगाने वाले हमेशा दूसरों की जान जोखिम में डालकर ही टावर लगाते हैं। मोबाइल का टावर हो या वाई-फाई का, पहली बात तो इनमें ऐसी रेडिएशन होती हैं, जो शरीर के लिए पूरी तरह घातक हैं। मगर इतनी लापरवाही से टावर लगाने से साफ जाहिर हो रहा है कि दूसरों की जान जोखिम में डालकर टावर लगाने में किस तरह से सामान का प्रयोग किया गया होगा। बहाना तो यह बनाया जा रहा है कि बंदरों के हिलाने और हवा के चलने से उक्त टावर गिरा है, मगर जिन टावर लगाने वालों को इतनी भी कॉमनसेंस नहीं है कि यह सभी तथ्य पहले से ही ध्यान में रखें कि इतने ऊंचे टावर पर बंदर, तो कई बार इंसानों को भी चढ़ना पड़ता है। मगर अपना पैसा कमाने और टावर लगाने में धांधली के चलते शायद टावर लगाने वाले ऐसी घटनाओं का इंतजार कर रहे होते हैं। मकान में रह रही संजो मलिक ने बताया कि आज वास्तव में दो लोगों की जान बाल-बाल ही बच गई, महिला का बताना है कि उक्त मकान गांव कुरावा के पूर्व प्रधान रामकिशन मलिक का है। टावर गिरने से महिलाएं तो बच गई, मगर पड़ोस के जयदेव मलिक के मकान की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई।

'बहुत सख्त है उत्तर प्रदेश का गुण्डा एक्ट'

नाराज सुप्रीम कोर्ट ने दिए पुनर्विचार के निर्देश

नई दिल्ली, 4 दिसंबर (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश का गुंडा और गैर सामाजिक गतिविधि रोकथाम कानून बहुत सख्त है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए ये बात कही। दरअसल इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मई 2023 में गुंडा एक्ट के तहत लंबित कार्यवाही रोकने की मांग वाली एक याचिका खारिज कर दी थी। इस पर याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करने का फैसला किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर बीते साल नवंबर में उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा था। साथ ही शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत किसी कार्रवाई पर भी रोक लगा दी थी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल और अधिवक्ता तन्वी दुबे के जरिए याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि यूपी गैंगस्टर्स एक्ट के तहत उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी निराधार है और पिछली प्राथमिकी से उपजी है। याचिका में कहा गया है कि यह प्राथमिकी दर्ज करना कानूनी प्रक्रिया का घोर दुरुपयोग है। इसमें तर्क दिया गया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ गैंगस्टर्स एक्ट लगाना पक्षपातपूर्ण है और यह पुलिस एवं न्यायिक मशीनरी का दुरुपयोग है। बुधवार को याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क देते हुए कहा कि उनके खिलाफ पहले 1986 एक्ट की धाराओं में अवैध खनन का मामला दर्ज किया गया। एक ही आरोप में दो बार मामला दर्ज किया गया। गुंडा एक्ट की आलोचना करते हुए पीठ ने कहा कि इस पर विचार किए जाने की जरूरत है। पीठ ने ये भी कहा कि इस कानून के कुछ प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती वाली एक अन्य याचिका पर भी अदालत सुनवाई करेगी। इससे पहले हाई कोर्ट के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने तर्क दिया कि उसे गैंगस्टर अधिनियम के तहत दर्ज मामले में झूठा फंसाया गया है। उनके वकील ने हाई कोर्ट के समक्ष दावा किया था कि गैंगस्टर अधिनियम के तहत मामला केवल एक अन्य मामले के आधार पर दर्ज किया गया है जिसमें याचिकाकर्ता का नाम नहीं है।

शेष - राकेश चढ़े ऊंची चट्टान...

तो पुलिस को उनके पीछे दौड़ लगानी पड़ी। बाद में पुलिस उन्हें रोकने में कामयाब हो गई। पुलिस ने यमुना एक्सप्रेसवे पर किसानों को रोकने के लिए कई वाहनों को सड़क पर खड़ा कर दिया और एक साइड को पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और राकेश टिकैत के बीच तीखी बहस हुई। टिकैत ने आरोप लगाया कि प्रशासन किसानों की आवाज को दबाने की कोशिश कर रहा है। मौके पर अलीगढ़ के जिलाधिकारी, एसएसपी, एसपी ग्रामीण, और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पहुंचकर स्थिति को संभालने की कोशिश की व भारी पुलिस बल ने यमुना एक्सप्रेसवे पर किसानों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए बैरिकेडिंग कर दी। पुलिस राकेश टिकैत को टप्पल थाने पर ले आई। राकेश टिकैत ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि, "हम शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने के लिए जा रहे थे, लेकिन प्रशासन ने हमें जबरन रोका। हमारी गाड़ियों को रोकने के लिए वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह सरकार किसानों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उन्हें दबाने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे पर किसानों को रोकने का फैसला कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए किया गया। प्रशासन ने कहा कि किसानों को पहले ही सूचित कर दिया गया था कि बिना अनुमति के किसी भी तरह का मार्च या प्रदर्शन नहीं किया जा सकता। इस दौरान यमुना एक्सप्रेसवे की एक साइड पूरी तरह अवरुद्ध होने के कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

हरियाणा के प्लंबर की लगी 1.5 करोड़ की लॉटरी

सिरसा (हरियाणा), 4 दिसंबर (एजेंसी)। हरियाणा के सिरसा में पेशे से प्लंबर मंगल सिंह की डेढ़ करोड़ रुपये की लॉटरी निकली है। मंगल सिंह व उसका परिवार इस खुशखबरी को सुनकर खुश है। बुधवार का मंगल सिंह व उसके परिवार ने मिठाई बांटकर व ढोल की थाप पर नाच कर अपनी खुशी का इजहार किया। मंगलवार रात को 8 बजे लॉटरी का ड्रॉ निकला तो लॉटरी विक्रेता ललित गुंबर ने मंगल सिंह को फोन करके बधाई। डेढ़ करोड़ रुपये का पहला इनाम जितने के खुशी में मंगल सिंह व उसका परिवार पूरी रात सो नहीं पाया। रात 12 बजे सुमित लॉटरी एजेंसी मानसा (पंजाब) के संचालक सुमित ने मंगल सिंह को बताया कि पंजाब स्टेट डियर 200 मंथली लॉटरी का पहला इनाम उसे मिला है। मंगल सिंह का कहना है कि वह पिछले चार साल से लॉटरी खरीद रहा है। वह घूम फिर कर लॉटरी बेचने वाले ललित गुंबर से लॉटरी खरीदता था। ललित गुंबर सुमित लॉटरी एजेंसी मानसा का एजेंट है। चार दिन पहले उसने एजेंट ललित गुंबर से 200 रुपये की पंजाब स्टेट डियर 200 मंथली लॉटरी खरीदी थी। इसका ड्रा 3 दिसंबर रात 8 बजे निकलना था। मंगलवार रात को एजेंट ललित गुंबर व एजेंसी मालिक सुमित का फोन आया।

बंदर ने की सांसद शशि थरूर के साथ यह हरकत

नई दिल्ली, 4 दिसंबर (एजेंसी)। केरल के तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर के साथ अजीबोगरीब वाकया हुआ। उनके पास एक बंदर दौड़कर आया। बंदर ने सांसद थरूर को गले लगाया और फिर उनकी छाती पर सिर रखकर सो गया। सांसद ने एक्स पर पोस्ट में बंदर के साथ फोटो साझा करते हुए पूरा वाकया बताया। इसे लेकर सोशल मी